अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com
उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र
आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक

# राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, अम्बेडकरनगर, एटा, औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर, जौनपुर, श्रावस्ती, उरई, जालौन, फिरोजाबाद, हरदोई, मथुरा, कानपुर, ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर, सिद्धार्थनगर, सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 25 | लखनऊ, मंगलवार, 05 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

# स्वदेशी वस्तुओं का करें उपयोग : योगी

## मुख्यमंत्री योगी पहुंचे सहारनपुर, 381 करोड़ की योजनाओं का किया लोकार्पण

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किये चेक, प्रशस्तिपत्र और ट्रैक्टर एवं मकान की चाबी

सहारनपुर। सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को सहारनपुर पहुंचे। उन्होंने पहले सहारनपुर मंडल के गठबन्धन जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उसके बाद मंडलीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों पर समीक्षा की। उन्होने स्मार्ट सिटी की लगभग 381 करोड़ की 15 योजनाओं का लोकार्पण भी किया।

सीएम योगी लखनऊ से सरसावा एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से उन्हें हेलिकाप्टर से पुलिस लाइन में बने हेलीपैड पर उतरना था, लेकिन पानी भरने के चलते वे सड़क मार्ग से सर्किट हाउस पहुंचे। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने गोगा जी महाड़ी पर पूजन किया और वहीं स्थित नवनिर्मित अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। वहां से मुख्यमन्त्री सीधे जनमंच सभागार पहुंचे। जहां पहुंचकर उन्होने स्मार्ट सिटी की लगभग 381 करोड़ की 15 योजनाओं का लोकार्पण किया।



मुख्यमंत्री योगी ने जनमंच कार्यक्रम में जनता को सम्बोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। कहा कि स्थानीय और देशी वस्तुओं की बिक्री को बढ़ावा देना प्रदेश के आर्थिक विकास में सहायक होगा। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं और व्यापारियों से अपील की कि वे स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करें और इनके प्रचार-प्रसार में योगदान दें। रक्षाबंधन के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि 8, 9 और 10 अगस्त को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में महिलाएं निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। यह सुविधा रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को समर्पित है ताकि वे अपने भाइयों से मिलने के लिए निर्बाध यात्रा कर सकें।

मुख्यमंत्री ने इसी दौरान 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि 13, 14 और 15 अगस्त को प्रदेश का हर नागरिक अपने घर, दुकान और संस्थान पर तिरंगा फहराए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगे के सम्मान में इन तीन दिनों तक पूरे प्रदेश में तिरंगा रैली भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें आम जनता, छात्र-छात्राएं, व्यापारी, संस्थान और स्वयंसेवी संगठन भाग लेंगे। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से इस अभियान को जनआंदोलन बनाने की अपील करते हुए कहा कि ह्लदेश की आन-बान और शान तिरंगा है, इसे सम्मान देना हर भारतीय का कर्तव्य है। योगी ने कहा- महाकुंभ की सफलता से विपक्ष परेशान है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के लोगों को परेशानी हो रही थी कि सनातन धर्म का गौरव इतना ऊंचा कैसे हो रहा? इन लोगों की संवेदना एक गरीब, एक नौजवान के साथ नहीं होती। इनको भारत की विरासत पर गौरव की अनुभूति नहीं होती। भारत और भारतीयता आगे बढ़ती है, तो इन्हें परेशानी होती है। लेकिन, आतंकी वारदात को संरक्षण देने में सपा-कांग्रेस आगे रहती है। योगी ने कहा- 2 घटनाओं का कोर्ट ने निर्णय करते हुए काम किया। पहला- मालेगांव विस्फोट में कैसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार और उसके सहयोगी दलों ने हिंदू नेताओं को अभियुक्त बनाने की कोशिश की थी। एटीएस के खुलासे से सारे तथ्य सामने आ रहे हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का ये कृत्य राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। आतंकवाद के लिए सॉफ्ट और राष्ट्रवादी संगठनों के लिए क्रूर बनकर उनको पूरी तरह से खत्म करने की चेष्टा आतंकी कृत्य है। कांग्रेस का यह कृत्य देश के लिए अपराध था। सीएम योगी ने कहा- पिछले 11 साल में एक नए भारत का दर्शन करने को हम लोगों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विरासत और विकास के समन्वय के साथ आगे बढ़ाया है। अब हर भारतीय भारत और भारतीयता पर गौरव की अनुभूति करता है। भारत के प्रतीकों का सम्मान करता है। अपने पूर्वजों के गौरवशाली परम्परा के सरंक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करता है।

सीएम योगी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि मां शाकंभरी का कॉरिडोर ये लोग नही बनाएंगे। काशी-विश्वनाथ धाम बनाने का काम ये लोग नही करेंगे। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए ये लोग कुछ प्रयास कभी नही करेंगे। महाकुंभ जैसे आयोजन नही करेंगे।

सीएम योगी ने कहा, कांग्रेस के लोग एक तरफ आतंकवाद को क्लीन चिट देते हैं। देश पर हमला करने वालों को क्लीन चिट देते हैं। और दूसरी तरफ देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध सेना के पराक्रम पर सवाल खड़ा करते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध लगाने का कुत्सित प्रयास करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ब्रिजेश रावत, राज्यमंत्री जसवंत सैनी, पूर्व सांसद राघव लखनपाल, जिलाध्यक्ष सैनी, महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक राजीव गुंबर, विधायक कीरत सिंह, विधायक मुकेश चौधरी, विधायक देवेन्द्र निम व अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### ऑपरेशन 'सिंदूर' भारत का नया आतंकवाद रोधी सिद्धांत : सेनाध्यक्ष

नई दिल्ली। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन 'सिंदूर' को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बताते हुए भारत के आतंकवाद रोधी सिद्धांत को नई परिभाषा दी। उन्होंने कहा कि 88 घंटे का यह ऑपरेशन पैमाने, सीमा, गहराई और रणनीतिक प्रभाव की दृष्टि से अभूतपूर्व था।युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय सशस्त्र बल गैर संपर्क युद्ध, रणनीतिक गति और मनोवैज्ञानिक प्रभुत्व से प्रेरित पांचवीं पीढ़ी के संघर्षों के लिए तैयार हैं। जनरल द्विवेदी सोमवार को आईआईटी मद्रास में 'ऑपरेशन सिंदूर : आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में एक नया अध्याय' विषय पर एक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस ऑपरेशन को ऐतिहासिक, खुफिया जानकारी से प्रेरित प्रतिक्रिया बताया, जिसने भारत के आतंकवाद रोधी सिद्धांत को नई परिभाषा दी।

### चिटफंड घोटाला मामले के आरोपित भुवनेश्वर से गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने चिटफंड घोटाले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित शिवकुमार गंगाधरन उर्फ जी. शिवकुमार को ओडिशा के भुवनेश्वर से गिरफ्तार कर लिया। शिवकुमार राइटमैक्स टेक्नोट्रेड इंटरनेशनल लिमिटेड का डायरेक्टर है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए साल 2018 से बार-बार जगह बदल रहा था। सीबीआई के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद आरोपित को विशेष सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामला साल 2014 में दर्ज किया गया था, जिसमें शिवकुमार पर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश रचने और प्राइज चिट्स एवं मनी सर्कुलेशन स्कीम्स (प्रतिबंध) अधिनियम, 1978 के उल्लंघन के आरोप है।

### लोकसभा की कार्यवाही व्यवधान के चलते दिनभर के लिए स्थगित

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 11वें दिन सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही विपक्ष के व्यवधान के चलते पहले दो बजे और बाद में दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। सरकार आज सदन में खेलों से संबंधित विधेयक लाई थी। लोकसभा में दोपहर को कार्यवाही शुरु होने पर पीठासीन अधिकारी जगदंबिका पाल की ओर से खेल से जुड़े विधेयक का पारित करने में सहयोग की अपील की गई। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने भी यही आग्रह किया।

# वाराणसी में बाढ़ से बिगड़े हालात, शहरी इलाकों में घरों तक पहुंचा पानी



● कई मोहल्लों की सड़कों पर नाव चलने की नौबत

● बीएचयू ट्रामा सेंटर के पास तक पहुंचा बाढ़ का पानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। पहाड़ों और मैदानी इलाकों में भारी बारिश से उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा नदी विकराल रूप धारण किये है। गंगा की रौद्र लहरें खतरे के निशान 71.26 मीटर को दो दिन पहले ही पार कर बाढ़ के उच्चतम बिंदु 73.901 मीटर तक पहुंच चुकी है। गंगा का पानी शहरी इलाकों तक पहुंच कर घरों में घुसने लगा है जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। मणिकर्णिका घाट पर शवों को अंतिम संस्कार के लिए प्लेटफॉर्म तक नाव से ले जाना पड़ रहा है। बाढ़ में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन सतर्क है।

# जहां लाखों श्रद्धालु आते हैं, वह निजी कैसे हो सकता है?

● वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट की यूपी सरकार को फटकार

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को इस बात के लिए फटकार लगाई है कि उसने वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन को लेकर अध्यादेश को लागू करने में काफी जल्दबाजी की। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मंदिर के धन के इस्तेमाल के लिए सरकार की ओर से उच्चतम न्यायालय से बिना प्रभावित पक्षों को सुने अनुमति लेने के तरीकों को भी सवालों के घेरे में लिया।



न्यायालय ने कहा कि 15 मई को सरकार ने गुप्त तरीके से एक कॉरिडोर को विकसित करने के लिए मंदिर के धन का इस्तेमाल करने के लिए मंजूरी ली। न्यायालय ने साफ किया कि मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों के मामले नो मैंस लैंड नहीं हैं। सरकार को मंदिर प्रबंधन से जुड़े अन्य हितधारकों को सुने बिना कोई फैसला नहीं लेना चाहिए था।

इससे पहले मई में उच्चतम न्यायालय ने मंदिर के धन से पांच एकड़ भूमि अधिगृहित कर 500 करोड़ रुपये की लागत से एक कॉरिडोर विकसित करने की सशर्त अनुमति दी थी कि जमीन देवता के नाम पर पंजीकृत हो। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सुनवाई के दौरान ये संकेत किया कि वो इस अनुमति को वापस ले सकता है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मंदिर के धन का उपयोग तीर्थयात्रियों के लिए होना चाहिए, न कि निजी व्यक्तियों की जेब भरने के लिए। उच्चतम न्यायालय ने साफ कहा कि यह अध्यादेश धार्मिक मामलों में सरकारी हस्तक्षेप के समान है। दो निजी पक्षकारों के बीच चल रहे विवाद को हाईजैक कर लिया है।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में यूपी एटीएस ने दो दबोचे

● भारत में गजवा-ए-हिंद करके शरिया कानून लगाना चाहते थे

● व्हाटसअप ग्रुप में जुड़े थे कई पाकिस्तानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों एक व्हाटसअप ग्रुप 'रिवाईविंग इस्लाम से जुड़े थे। इस ग्रुप के तीन एडमिन और कई पाकिस्तानी बतौर सदस्य के रूप में जुड़े हैं। इनके मोबाइल को कब्जे के बाद जो साक्ष्य एकत्र हुआ है, उससे यह पता चला है कि दोनों आरोपित मुस्लिम युवकों को देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भड़का रहे थे। भारत में गजवा-ए-हिंद करके शरिया कानून लगाना चाहते थे। इस ग्रुप से यूपी के अमरोहा का रहने वाला अजमल अली का नंबर भी जुड़ा था। एटीएस ने व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़े अमरोहा के थाना नौगवां सादात के ग्राम देहरा निवासी अजमल अली को बीते दिनों हिरासत में लेकर पूछताछ की। एटीएस के अनुसार आरोपित ने स्वीकारा कि वह इस ग्रुप से जुड़ा था और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म के जरिए कई पाकिस्तानियों के सम्पर्क में था। उसने बताया कि महाराष्ट्र के बदलापुर पश्चिमी निवासी डॉ. उसामा माज शेख से इंस्टाग्राम और सिगनल ऐप के जरिए बातचीत होती है। इस व्हाट्सएप ग्रुप में भारत की सरकार गिराने और गजवा हिंद करके देश में शारिया कानून लागू करना जैसी देश विरोधी कई बातें होती हैं। ग्रुप में शामिल मुस्लिम युवकों को देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भड़काया भी जा रहा था। पूछताछ के बाद एटीएस ने इस प्रकरण का मुकदमा दर्ज करने के साथ उसकी निशानदेही पर सोमवार को महाराष्ट्र एटीएस और थाणे पुलिस के सहयोग से डॉ. उसामा को गिरफ्तार कर लिया है। उसे ट्रांजिट रिमांड पर एटीएस लखनऊ लाया जा रहा है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश के लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश ने बताया कि देश विरोधी गतिविधियों में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को कोर्ट में पेश कर और पूछताछ के लिए उनकी कस्टडी रिमांड ली जाएगी।

## बिहार के भागलपुर में नदी में गिरा वाहन, पांच कांवड़ियों की मौत

पटना। बिहार में भागलपुर जिले के बेलथ महतो स्थान से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर रविवार देर रात बरसाती नदी में पिकअप वैन के गिरने से 5 कांवड़ियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार रात 11 बजे के करीब पिकअप गाड़ी पर डीजे और जनरेटर लगाकर 12 युवकों की टोली नाचते-गाते अंतिम सोमवारी पर जल चढ़ाने के लिए गंगा स्नान करने सुल्तानगंज जा रही थी। रात होने और डीजे के शोर में किसी कारण गाड़ी से चालक का नियंत्रण खो गया। इसके कारण शाहकुंड-सुलतानगंज मुख्य सड़क के महतो स्थान के आगे गाड़ी नदी में गिर गई। इस घटना में कुछ युवकों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई लेकिन 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी शाहकुंड के ही बताये जा रहे हैं।

# लखनऊ में 10 प्रमुख स्थलों का होगा विकास: जयवीर सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास की 10 योजनाओं के लिए नौ करोड़ रुपए की धनराशि अनुमोदित की है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सरकार पर्यटन को आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम मानते हुए विकास कार्यों पर बल दे रही है। लखनऊ के प्राचीन मंदिर, ऐतिहासिक स्थल और गोमती नदी के तट हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होने बताया कि लखनऊ में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के समग्र विकास के लिये कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। इनमें काकोरी स्थित शीतला माता मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, करहेटा अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित प्राचीन शिव मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, ग्रामसभा अमलौली में मां कालिका देवी मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, सुखमदत्तनगर के अठनारू ग्राम स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रुपए, श्री महादेव जलसाई नाथ जी प्राचीन मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए, श्री ज्वाला मां मंदिर, बरिगवां के लिए 50 लाख रुपए, संझिया घाट गोमती नदी तट के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रुपए, श्री रामजानकी मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए और घटघटा बाबा देवस्थान ग्राम सालेहनगर के लिए 50 लाख रुपए धनराशि अनुमोदित की गई है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनता के बीच हाल जान रहे योगी के मंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

● मुख्यमंत्री स्वयं रख रहे प्रभावित जनपदों पर नजर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार के मंत्री बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए ग्राउंड जीरो पर उतरे हैं। मंत्रियों ने सोमवार को भी बाढ़ प्रभावित जनपदों का भ्रमण किया। मंत्रियों ने प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों का भी जायजा लिया, फिर पीड़ितों से संवाद स्थापित किया। बाढ़ पीड़ितों और जरूरतमंदों तक अविलंब सहायता पहुंचाना, राहत सामग्री का निरंतर वितरण करना योगी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रतिनिधि, प्रशासन और संसाधन जनता के हर सुख-दुख में है। सरकार हर परिस्थिति में बाढ़ पीड़ितों को राहत दिलाने के लिए तत्पर है।

योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व श्रम-सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को वाराणसी के बाढ़ग्रस्त एरिया का निरीक्षण किया। खन्ना ने प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण भी किया। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने नमो घाट से नक्की घाट तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए राहत शिविरों में पहुँचकर पीड़ितों से संवाद किया। उन्होंने शिविरों में साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा और बिजली आपूर्ति जैसी बुनियादी जरूरतों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। खन्ना ने श्रीराम पीजी कॉलेज और दीप्ति कॉन्वेंट स्कूल हुकुलगंज में भी राहत शिविरों का दौरा कर राहत सामग्री वितरित की। खन्ना ने बच्चों को चॉकलेट भी दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि चिकित्सा टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें, जलजनित रोगों की रोकथाम हेतु समुचित प्रयास हों।



कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने सोमवार को प्रयागराज के करछना तहसील के कटका डेरा गांव का निरीक्षण किया। बाढ़ की स्थिति का अवलोकन करने के साथ ही उन्होंने बाढ़ प्रभावितों का कुशलक्षेम जाना। अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में सूखा राशन एवं मवेशियों के लिए चारा की व्यवस्था कराई जाए। बाढ़ चौकी के माध्यम से जलस्तर की सतत निगरानी एवं ग्राम प्रधानों से समन्वय स्थापित कर आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत शिविर में पहुंचाने की तैयारी के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने मीरजापुर में भी राहत कार्यों का जायजा लिया और जिलाधिकारी, सीडीओ व एसपी के साथ स्थिति की जानकारी ली।



योगी सरकार के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कालपी, जालौन के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की। मंत्रियों ने यहां बाढ़ पीड़ितों को भोजन भी परोसा। संजय गंगवार ने माधौगढ़ का भी निरीक्षण किया। मंत्रियों ने राहत सामग्री वितरण के साथ बाढ़ पीड़ितों का हाल जाना। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित सहायता सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया।

बलिया के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बाढ़ व कटान प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीआरएफ की नाव से बाढ़ प्रभावित गोपालपुर, उदयीछपरा, दूबेछपरा बस्ती मे जाकर नुकसान व आमजन की परेशानियों का जायजा लिया। उन्होंने एनएच-31 के डेंजर प्वाइंट्स का भी निरीक्षण किया। मंत्री ने दूबेछपरा में हनुमान मंदिर से संचालित होने वाले बाढ़ राहत केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रशासनिक व बाढ़ विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही प्रभावित लोगों को विश्वास दिलाया कि पीड़ितों को समय से सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यहां नाव से लगायत अन्य कोई भी समस्या नहीं आने दी जायेगी। जिला प्रशासन ने सारी व्यवस्था कर ली है। एनडीआरएफ ने भी मोर्चा संभाल लिया है।

जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने बाढ़ से प्रभावित ग्राम पंचायत चिल्ला, तारा (बांदा) का भ्रमण कर वहां की स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और आवश्यक्ताओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल राहत मुहैया कराने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं हर प्रभावित जिले की स्थिति पर नजर रखे हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में पारदर्शिता और मानवीय संवेदना को प्राथमिकता दी जाए।

# सीएम योगी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश लिख रहा निवेश की नई कहानी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

- टाटा, अदानी, वीवो से लेकर आइकिया तक दिग्गज कंपनियों को रास आ रहा यूपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश, जो कभी निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य नहीं माना जाता था, आज देश के सबसे भरोसेमंद और तेजी से विकसित होते औद्योगिक राज्यों की पंक्ति में खड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने निवेश और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में ऐसी छलांग लगाई है, जिसकी मिसाल कम ही देखने को मिलती है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज ङ्करिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्मङ्क मॉडल का सर्वोत्तम उदाहरण बन चुका है। जहां एक ओर 2017 से पहले यूपी निवेश मानचित्र पर मुश्किल से स्थान पा रहा था, वहीं अब यह राज्य वैश्विक निवेशकों के लिए पहला विकल्प बन गया है। विगत 8 वर्षों में लाखों करोड़ का निवेश और दुनिया भर के निवेशकों का उत्तर प्रदेश की ओर रिझान इसी ओर इशारा कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वर्ष 2000 से 2017 तक 17 वर्षों में यूपी को महज 3,000 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ था। 2016S17 में यह आंकड़ा गिरकर 50 करोड़ रुपये तक सिमट गया था जो राज्य की छवि और औद्योगिक अभाव को दर्शाता है। राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग औसत थी, सिंगल विंडो सिस्टम जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी। यही नहीं, औद्योगिक विकास के लिए न तो स्पष्ट विज़न था और न ही स्थिर कानून व्यवस्था, जिससे निवेशकों में विश्वास की कमी बनी रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के



नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने ''निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य'' बनने का संकल्प लिया। इसके चलते 2019 से 2023 के बीच यूपी ने हजारों करोड़ से अधिक के एफडीआई को आकर्षित किया जो पूर्व की तुलना में कई गुना अधिक वृद्धि रही। सरकार ने दो इन्वेस्टर्स समिट (2018 यूपी इन्वेस्टर्स और 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) सफलतापूर्वक आयोजित किए। 2018 जीआईएस से 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जबकि 2023 जीआईएस से रिकॉर्ड 33.50 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हासिल हुए। योगी सरकार ने इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का सफलतापूर्वक आयोजन किया और अब जीबीसी-5 की तैयारी ज़ोरों पर है। सूचना विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश में अब तक जो चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की गई हैं, उनके माध्यम से 16,000 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। इनमें 8,000 से अधिक में वाणिज्यिक संचालन शुरू हो चुका है, जबकि 8,000 से अधिक कार्यान्वयनाधीन हैं। जो निवेश धरातल पर उतर रहा है उसमें सबसे ज्यादा निवेश विनिर्माण (62.25%), सेवा (28.09%) और अवसंरचना क्षेत्रों में हुआ है। इसके माध्यम से वीवो, टाटा, अदानी, पेप्सिको, हल्दीराम, आइकिया जैसी कंपनियों ने बड़े पैमाने पर अपने निवेश को धरातल पर उतारा है। इस वर्ष नंवबर में प्रस्तावित जीबीसी-5 के जरिए 5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का लक्ष्य है जो आयोजन की तिथि तक बढ़कर 10 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। इस निवेश के धरातल पर उतरने से रोजगार के लाखों नए अवसर, स्थानीय उद्यमों का विकास और समग्र सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की उम्मीद है।

# लखनऊ के प्राचीन मंदिरों और गोमती नदी घाटों के विकास के लिए 9 करोड़ रुपए अनुमोदित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राजधानी लखनऊ में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत शहर के प्राचीन मंदिरों और गोमती नदी के घाटों के आसपास पर्यटन विकास कार्य किए जाएंगे। जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। पर्यटन विकास की 10 योजनाओं के लिए 09 करोड़ रुपए की धनराशि अनुमोदित की गई है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। जयवीर सिंह ने बताया कि राजधानी लखनऊ में धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के समग्र विकास हेतु कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। इनमें काकोरी स्थित शीतला माता मंदिर, चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर, करहेटा अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित प्राचीन शिव मंदिर, ग्रामसभा अमलौली में मां कालिका देवी मंदिर, सुखमदत्तनगर के अठनारू ग्राम स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास, श्री महादेव जलसाई नाथ जी प्राचीन मंदिर के लिए 1-1 करोड़ रुपए, श्री ज्वाला मां मंदिर बरिगवां के लिए 50 लाख रुपए, संझिया घाट गोमती नदी तट के पर्यटन विकास के लिए एवं श्री रामजानकी मंदिर के लिए 01 करोड़ रुपए और घटघटा बाबा देवस्थान ग्राम सालेहनगर के लिए 50 लाख रुपए धनराशि अनुमोदित की गई है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार पर्यटन को आर्थिक विकास का सशक्त माध्यम मानते हुए निरंतर इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहरों को संरक्षित कर उन्हें वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है, जो राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। महाकुम्भ 2025 जैसे आयोजन ने प्रदेश की धार्मिक विरासत को दुनिया के समक्ष मजबूती से रखा है, जिसे विभाग आगे ले जाने के लिए प्रयासरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### बगैर यूजीसी की मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

लखनऊ। बगैर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मान्यता के ड्यूल डिग्री प्रोग्राम चलाने शिक्षण संस्थानों सहित एडटेक कम्पनियों को यूजीसी ने चेतावनी दी है। यूजीसी ने कहा है कि दोषी उच्च शिक्षा संस्थानों और एडटेक कंपनियों के विरुद्ध लागू कानूनों/नियमों/विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही आयोग ने छात्रों को भी सतर्क रहने को कहा है। यूजीसी के सचिव प्रो मनिष आर जोशी के स्तर से जारी नोटिस में कहा गया है कि कई उच्च शिक्षा संस्थानों/कॉलेजों ने आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त न होने वाले विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों के साथ सहयोगात्मक समझौते किये हैं। ऐसे विदेशी-आधारित शैक्षणिक संस्थानों/कॉलेजों में नामांकित छात्रों को डिग्री जारी करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसी प्रकार, कुछ एडटेक कंपनियाँ भी कुछ विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन माध्यम से डिग्री और डिप्लोमा कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए समाचार पत्रों/सोशल मीडिया/टेलीविज़न आदि में विज्ञापन दे रही हैं। नोटिस में सचिव ने कहा है कि जबकि इस प्रकार का कोई भी व्यवस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है। साथ ही इन संस्थानों की डिग्रियाँ भी आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं। ऐसे में सभी दोषी उच्च शिक्षा संस्थानों और एडटेक कंपनियों के विरुद्ध लागू कानूनों/नियमों/विनियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। यूजीसी ने अभिभावकों और छात्रों को सावधानी बरतने का सुझाव देते हुए कहा है कि इसके बावजूद अगर छात्र दाखिला लेते हैं तो, वह अपने जोखिम और परिणामों पर करेंगे।

### रालोद ने नियुक्त किये प्रकोष्ठों के प्रभारी, पंचायत चुनाव को देंगे धार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की आहट व 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुये राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने प्रकोष्ठों के प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। नियुक्त प्रभारी संगठन को मजबूत करने के साथ ही बूथ स्तर पर भी पार्टी को खड़ा करने में मजबूती देंगे। रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने सोमवार को बताया कि यह नियुक्तियां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय की स्वीकृति से की गई हैं। जिन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है उनमें युवा प्रकोष्ठ के प्रभारी रजनीकांत मिश्रा बनाए गए हैं। इसी तरह छात्रसभा प्रकोष्ठ में विमलेश पाठक, किसान प्रकोष्ठ में अजीत दौला, पंचायत राज प्रकोष्ठ में तिरस पाल मलिक, सहकारिता प्रकोष्ठ में अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ में इजहार अहमद शाह, व्यापार प्रकोष्ठ में राम आसरे विश्वकर्मा, खेल एवं प्रोत्साहन प्रकोष्ठ में बसंत सिंह, प्रोफ़ेशनल मंच में संतोष यादव, सामाजिक न्याय मंच में नरेन्द्र सिंह बघेल, श्रम प्रकोष्ठ में अरुणेंद्र पटेल, महिला प्रकोष्ठ में हेमा पाठक, पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में ओ पी सिंह कामाण्डो, अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ में नरेन्द्र खजूरी, कार्यालय व्यवस्थापक के रूप में वसीम हैदर नियुक्त किए गए हैं। राय ने सभी नवगठित प्रभारियों को संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया है।

### जदयू की बैठक 7 अगस्त को

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक 7 अगस्त को प्रातः11 बजे से पार्टी के प्रदेश कार्यालय 38 डी, मेजर बैंक्स रोड लखनऊ मे होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे। पार्टी के पदाधिकारी जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यों को अवगत कराना है कि पार्टी की बैठक में प्रदेश स्तर पर पार्टी संगठन की समीक्षा करने, जिन जिलों में प्रभारी नियुक्त हो चुके हैं वहां के जिला संगठन की समीक्षा करने,पार्टी की प्रदेश के अन्य जिलों में होने वाले आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तय करने, प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी के चुनाव लड़ने की रूपरेखा पर विचार करने, प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने के लिए अपने महत्वपूर्ण विचार रखने एवं बहुमूल्य सुझाव देने के लिए पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी , समस्त जिला प्रभारी, समस्त जिला अध्यक्ष, प्रवक्ता, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संयोजक प्रमुख पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्यो की उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## जातीय रैलियों पर रोक के मामले में सुनवाई तीन सितंबर को

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने जातीय रैलियों पर रोक के मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने को समय देकर अगली सुनवाई तीन सितंबर को नियत की है। पहले कोर्ट ने केंद्र सरकार को मामले में जवाब पेश करने का मौका दिया था। साथ ही कोर्ट ने याची को भी पिछले 10 साल में राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित की गई जातीय रैलियों का ब्योरा नए हलफनामे पर दाखिल करने को कहा था। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के समय केंद्र सरकार के वकील ने मामले में जवाब दाखिल करने को और समय मांगा। इस पर समय देकर कोर्ट ने मामले को तीन सितंबर को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया। मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील मोतीलाल यादव की जनहित याचिका पर दिया।पहले, इस मामले में कोर्ट ने पहले, पक्षकारों केंद्र व राज्य सरकार समेत केंद्रीय निर्वाचन आयोग एवं चार राजनीतिक दलों कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता ने यह याचिका वर्ष 2013 में दायर की थी। उसका कहना था कि उत्तर प्रदेश में जातियों पर आधारित राजनीतिक रैलियों की बाढ़ आ गयी है। सियासी दल ब्राहमण रैली, क्षत्रिय रैली, वैश्य सम्मेलन आदि नाम देकर अंधाधुंध जातीय रैलियां कर रहे हैं। जिनपर रोक लगाई जानी चाहिए। दरअसल, 11 जुलाई 2013 को कोर्ट ने को एक अहम आदेश में पूरे उत्तर प्रदेश में जातियों के आधार पर की जा रही राजनीतिक दलों की रैलियों पर तत्काल रोक लगा दी थी। साथ ही इन पक्षकारों को नोटिस जारी की थी। याची का तर्क था कि इससे सामाजिक एकता और समरसता को जहां नुकसान हो रहा है वहीं, ऐसी जातीय रैलियां तथा सम्मेलन समाज में लोगों के बीच जहर घोलने का काम कर रहे हैं, जो संविधान की मंशा के खिलाफ है।

# सावन के अंतिम सोमवार को श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में हुई विशेष पूजा अर्चना



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। सावन के अंतिम सोमवार पर चौक कोतवाली स्थिति श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर के महंत विशाल गौंड ने बताया कि महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। सावन के अंतिम सोमवार पर ब्रहा योग, इंद्र योग, रवि योग, सर्वार्थसिद्धि योग और गुरु शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग का निर्माण होने से इसका विशेष महत्व रहा। श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों का आना शुरु हो गया है। महादेव मंदिर में शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, घी, दही, चीनी, मिश्री, शहद और बेलपत्र से अभिषेक भक्तों द्वारा किया गया। महंत ने बताया कि शिवलिंग पर इन वस्तु से अभिषेक करते है तो इससे कई तरह के लाभ भी आपको मिलते हैं। महंत ने बताया शिवलिंग पर जल चढ़ाते समय मंत्र ऊं नमरू शिवाय का जप भक्तों ने किया। हिंदू धर्म में इस मंत्र का विशेष महत्व है, और माना जाता है कि इसमें भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने की शक्ति है। ऊं नमरू शिवाय मंत्र पाँच अक्षरों से बना है। महंत विशाल गौंड ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को सुबह से भारी वर्षा में भी भक्तों का मंदिर में अभिषेक के लिए आना कम नहीं हुआ। भक्तों ने पूरे उत्साह से पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया। सोमवार सावन का महत्वपूर्ण दिन होता हैं क्योंकि ये भगवान शिव को समर्पित होते हैं। आध्यात्मिक महत्व के अलावा, इस महीने में उपवास का ऋतु परिवर्तन से भी संबंध है।

### सावन के अंतिम सोमवार पर शिवमय हुई राजधानी

**लखनऊ।** सावन के चौथे और अंतिम सोमवार को लखनऊ शिवमय हो गया। रविवार रात से ही कांवड़ियों के जत्थों के साथ शिवभक्त जलाभिषेक के लिए शिवालयों में पहुंच गए। बम-बम भोले, ऊं नमः शिवाय, हरहर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। आधी रात दो बजे मनकामेश्वर मंदिर का कपाट खुल गया। बारिश भी भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर पाई। मनकामेश्वर मंदिर और बुद्धेश्वर मंदिर में भक्तों की करीब 1 किलोमीटर लंबी लाइन लगी। शिव भक्तों ने भोलेनाथ को जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। प्रशासन और मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए। अंतिम सोमवार को सर्वार्थ सिद्धि योग और ब्रह्म-इंद्र योग का दुर्लभ संयोग बना है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल के अनुसार, इस योग में की गई पूजा, अभिषेक और संकल्प विशेष फलदायी होते हैं।

## मायावती ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर जताया शोक

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के संस्थापक व आदिवासी समाज के जाने-माने दिग्गज नेता शिबू सोरेन का आज निधन हो जाने की खबर अति-दुखद है। उनके पुत्र तथा वर्तमान में झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन व उनके परिवार के साथ-साथ उनके समस्त समर्थकों एवं अनुयाइयों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सबको इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। उल्लेखनीय है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। शिबू सोरेन किडनी से जुड़ी बीमारी के चलते पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे। हेमंत सोरेन ने अपने पिता के निधन की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास: कुलपति

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेन्द्र नगर लखनऊ केंद्रीय शिक्षाशास्त्र विभाग एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान अवध प्रांत तथा शारदा प्रसाद तिवारी मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सफलतापूर्वक पांच वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित की गई । ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन एवं चुनौतियां ''विषय पर विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो.फ़ेसर मंजुला उपाध्याय एवं समागत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ । यह संगोष्ठी महाविद्यालय के संरक्षक श्री विजय दयाल जी एवं प्राचार्य प्रो.फ़ेसर मंजुला उपाध्याय के निर्देशन में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो.फ़ेसर मनुका खन्ना कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ डॉक्टर विशिष्ट अतिथि प्रो.फ़ेसर जयशंकर पांडे समाजशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय मुख्य वक्ता डॉ सुभाष मिश्रा शिक्षाशास्त्र विभाग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ विशिष्ट वक्ता प्रो.फ़ेसर चंदना डे शिक्षाशास्त्र विभाग ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती विश्वविद्यालय लखनऊ उपस्थित रहीं। एक दिवसीय विद्वत संगोष्ठी शिक्षाशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती ऐश्वर्या सिंह के संयोजकतत्व में संपन्न हुई। माननीय कुलपति जी का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.फ़ेसर मंजुला उपाध्याय द्वारा अंगवस्त्रम ,स्मृति चिन्ह् एवं पौध देकर किया गया तथा अन्य समागत अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ताओं के द्वारा स्मृति चिन्ह् अंगवस्त्रम,पौध देकर किया गया। सम्माननीय कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पांच साल में उपलब्धियां भी मिली किंतु चुनौतियों भी थीं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला लखनऊ विश्वविद्यालय पहला विश्वविद्यालय बना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा प्रणाली में सुधार हुआ बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा की शुरुआत और उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय कारण शामिल हुआ है । इसके अलावा 2020 का लक्ष्य 2025 तक सभी के लिए बुनियादी साक्षरता तथा विद्यार्थीयों का समग्र विकास, संख्यात्मकता प्राप्त करना है। विशिष्ट अतिथि प्रो.फ़ेसर जयशंकर पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य है कि छात्र-छात्राएं विज्ञानमय कोश, मनोमय कोश प्राणमय कोश से होते हुए विद्यार्थी आनंद मय कोश में प्रवेश करें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति मौखिक या लिखित परीक्षा तक सीमित न रहे बल्कि उसको आचरण में भी उतारना होगा। मुख्य वक्ता डॉ सुभाष मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति कोई पूरी तरह से नई नीति नहीं है बल्कि पहले से चली आ रही है अब संशोधित स्वरूप में है।शोध- बोध- प्रबोध, ज्ञान और विज्ञान आदि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने ज्ञान और विज्ञान के संदर्भ में कहा कि ज्ञान शास्त्रीय ज्ञान है और विज्ञान विशिष्ट ज्ञान है हमारे शास्त्रीय ज्ञान में 18 विद्याओं और 64 कलाओं का वर्णन है। शास्त्र और विज्ञान विरोधी नहीं हैं दर्शन भी विज्ञान का विरोधी नहीं हैं बल्कि एक दूसरे का पूरक है चिंतन शाला और प्रयोग शाला दोनों का समन्वय , ज्ञानार्जन और उत्पादन राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समाहित है। कैरीकुलम, मल्टी डिसिप्लिनरी,तथा अधिन्यास आदि पर अपने विचार व्यक्त किये। विशिष्ट वक्ता प्रो.फ़ेसर चन्दना डे ने अपने व्याख्यान में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना है जिसमें कौशल विकास कार्यक्रम शामिल हैं कौशल विकास पहल के साथ गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। राष्ट्रीय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020का परिणाम पूर्ण रूप से सकारात्मक है क्योंकि यह सभी स्तरों पर शिक्षा तक गुणवत्ता, समानता और सामर्थ्य पहुंच प्रदान करने पर केंद्रित है। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती नीलम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की विभिन्न संकायों की सम्मानित प्रवक्ताएं एवं शोधच्छात्र-छात्राएं तथा महाविद्यालय की सभी संकायों की छात्राएं और कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# सैन्य स्टाफ द्वारा सैन्य प्रशिक्षण के अंतर्गत स्थलों के संकेत, एंबुश, पैट्रोलिंग की दी गई विस्तृत जानकारी

- 2 एमटी बटालियन एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में चल रही है 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखनऊ। मुख्यालय के अंतर्गत 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कर्नल (डॉ) दिनेश कुमार पाठक के नेतृत्व में 2 एम टी बटालियन एएमसी सेंटर एंड कॉलेज में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज दिनांक 04 अगस्त 2025 को बटालियन के सैन्य स्टाफ द्वारा सैन्य प्रशिक्षण के अंतर्गत स्थलों के संकेत, एंबुश, पैट्रोलिंग की विस्तृत जानकारी दी गई।

नेतृत्व विकास के अंतर्गत महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मी बाई तथा शिवाजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा हुई, व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत प्रेरणा एवं सम्मान संहिता की जानकारी देते हुए प्रेरित किया गया तथा बताया गया कि व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए यह अत्यंत आवश्यक है। कैंप कमांडेंट कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक द्वारा कैरियर काउंसलिंग के अंतर्गत सुरक्षा सेनाओं में कमीशन्ड ऑफिसर के चयन के लिए चुनिंदा मंत्र देते हुए युवा कैडेट्स का आवाहन किया कि जीवन में सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ लक्ष्य केंद्रित होकर दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें। सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने में कैडेट्स की भूमिका महत्वपूर्ण होती है इस उद्देश्य से पंकज शर्मा, रोड सेफ्टी मैनेजर को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया जिन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित अति महत्वपूर्ण जानकारियां दीं तथा बताया कि सभी को सदैव सुरक्षित एवं सावधानी से सड़क पर वाहनों को चलाना चाहिए ऋउन्होंने तमाम ट्रैफ़िक क़ानूनों का ज्ञानवर्धन किया। कैडेट्स का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से फायरिंग की प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में समूह नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शिविर में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न स्कूल-कॉलेज के कैडेट्स ने भावपूर्ण प्रस्तुतियां दीं।

## बारिश के बावजूद बिजली आपूर्ति बहाल रखने में प्रयासरत है विद्युतकर्मी : शर्मा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि बारिश और बाढ़ की प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद विद्युतकर्मी निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिये निरंतर प्रयासरत है, हालांकि उनके इस काज में मदद करने के लिये लोगों को संयम बनाये रखने की जरूरत है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश की वजह से विद्युत आपूर्ति में कई जिलों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। कई जिलों में पेड़ गिरने से तार टूटने और बाढ़ के पानी में ट्रांसफार्मर के डूबने की खबरें आ रही हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए ऊर्ज़ा मंत्री अने अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है और लोगों से भी संयम बरतने की अपील की है। श्री शर्मा ने सोमवार को कहा कि अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण पानी भरने से राज्य में अनेक उपकेंद्रों और फीडरों पर विद्युत व्यवस्था बाधित हुई है। इसके साथ ही विद्युत प्रवाह के कारण दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। उन्होने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा ङ्क पेड़ हो या पानी; गाँव हो या शहर; हर जगह हमारे विद्युत कर्मी आपकी सेवा में लगे हैं। मैंने यूपीपीसीएल एवं संबंधित सभी डिस्कॉम के एमडी से बात करके आपूर्ति हेतु सजग रहने और विद्युत व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए पुनः कहा है। इस दौरान आपका संयम एवं सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारी बरसात एवं बाढ़ की परिस्थिति के कारण अनेक स्थानों पर बिजली की अवसंरचना प्रभावित हुई है। विशेष रूप से बाँदा, झाँसी, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, प्रयागराज और आगरा में कई जगह पानी भरने से विद्युत उपकेंद्र और फीडर बंद करने पड़े हैं। शर्मा ने कहा ऐसे में विद्युत आपूर्ति करना संभव या सुरक्षित नहीं होता। आपका सहयोग प्रार्थनीय है।

# श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया सकाहा मंदिर का भ्रमण

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**हरदोई।** श्रावण मास के पावन व अंतिम सोमवार को आज जिलाधिकारी अनुनय झा व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने श्री शिव संकट हरण मंदिर सकाहा का भ्रमण किया। उन्होंने मंदिर में समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर प्रांगण व संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रावण मास के दौरान सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखी जाएं। सफाई का उचित प्रबंध बनाए रखा जाए। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं व कॉवड़ियों की सुविधा का ध्यान रखा जाये।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि मेला क्षेत्र व मंदिर परिसर में सुरक्षा की स्थिति को चाक चौबंद रखा जाए। पुलिस टीम निरंतर अपने कार्य स्थल पर तैनात रहे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंदिर में आए हुए श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं को लेकर संवाद किया। श्रद्धालुओं ने श्रावण मास के दौरान प्रशासन व पुलिस की ओर से की गई सभी व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुशील कुमार मिश्रा, तहसीलदार सदर सचिन्द्र कुमार शुक्ला व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आर.आर. कॉलेज फार्म पर आवास विकास का कब्जाः हाईकोर्ट के फैसले के बाद पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने लिया जमीन पर नियंत्रण

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** आर.आर. कॉलेज फार्म की 4.781 हेक्टेयर जमीन का विवाद अब समाप्त हो गया है। हाईकोर्ट द्वारा आवास विकास परिषद के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद सोमवार को परिषद ने कार्रवाई की। आवास विकास के अधिशासी अभियंता ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने फर्म का कब्जा ले लिया।

विरोध की आशंका के कारण भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग का सहयोग भी परिषद को मिला। आवास विकास अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह भूमि परिषद की है। कोर्ट के आदेश का पूरी तरह पालन करते हुए, इसे अपने नियंत्रण में लिया गया है। जमीन को पूरी तरह से अपने कब्जे में लेने के बाद टीम ने जेसीबी से खाई खुदवाई। यह इसलिए किया गया ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो सके। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण मौके पर कोई विरोध नहीं हुआ। सारी कार्रवाई शांतिपूर्ण रही। हाईकोर्ट ने 7 नवंबर 2023 को आवास विकास परिषद के पक्ष में फैसला सुनाया था। इसी मामले में अलग से मुकदमा करने पर टीचर अभिभावक संघ पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। आरआर कॉलेज फर्म की भूमि को कब्जे में लेने के बाद अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर आवासीय कॉलोनी बनाई जाएगी। इसके लिए अलग से नक्शा तैयार किया जाएगा। फिलहाल न्यायालय के आदेशानुसार कब्जा लिया जा रहा है। पूरी कार्रवाई के दौरान अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता समेत आवास विकास के अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे।

## क्षतिग्रस्त पुलिया, गहरे गड्ढे दे रहे बड़े हादसे को दावत

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**कछौना (हरदोई)।** विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व आम जनमानस में जागरूकता की कमी के चलते छोटी.छोटी जन समस्याएं बड़े हादसे का कारण बनती है। किसी घटना के बाद ही प्रशासन की नींद खुलती है।

कछौना चौराहे से गौसगंज प्रमुख मार्ग है जो की आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ता है! इस मार्ग पर शारदा नहर पर बना पुल डबल नहर के नाम से जाना जाता है! जो कि कलौली गांव से पहले है, जिसकी पुलिया काफ़ी पुरानी, सकरी व क्षतिग्रस्त है। वहीं सडक के पास में कई गड्ढे हो गए हैं जिसमे एक गड्ढा लगभग 10 फीट गहरा हो गया है, जो कि मिट्टी का कटान करके धीरे.धीरे सड़क के नीचे तक पहुंच चुका है, जिससे सड़क कभी भी धंस सकती है। यह निर्माण खंड 2 बिलग्राम, लोक निर्माण खंड हरदोई के अंतर्गत आता है। इस मार्ग पर कई इंटर कॉलेज, प्राइवेट स्कूल, डिग्री कॉलेज व कछौना गौसगंज की प्रमुख बाजारें भी हैं। इस मार्ग से सैकड़ो गांव नारायण देव, कनौहुआ, बबुरहा, ठगनपुरवा, कलौली, हरचंदपुर, मडिया, बालामऊ, कुरसठ, बघौड़ा गौसगंज आदि सैकड़ो ग्रामों के आम जनमानस का आवागमन रहता है। इस पर स्कूली वाहन, ट्रैक्टर, एंबुलेंस, प्राइवेट वाहन, सवारी गाड़ी, भारी वाहन, डंपर, ट्रक, इत्यादि गुजरते हैं। यह पुलिया सिंचाई विभाग की है, इसमें दो नहरें गुजराती हैं। रेलिंग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, पास में गहरे गड्ढे हो गए हैं। वहीं तीव्र मोड़ होने व रेलिंग टूटी होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई बार टूटी रेलिंग व घनी झाड़ियां होने के कारण वाहन सीधे नहर में चले जाते हैं। इस ज्वलंत मुद्दे को स्थानीय नागरिकों, क्षेत्रीय विधायक, सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने भी जिला प्रशासन को अवगत कराया है। क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने पूरे मामले को मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया है। प्रशासन ने सूचना पट्ट पर तीव्र मोड़, पुलिया सकरी, व रेलिंग टूटी होने के बोर्ड लगवाकर कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है। पूरे मामले पर अभियंता ने बताया कि मामला संज्ञान में है, शीघ्र समस्या का निराकरण किया जाएगा।

## खाद के मनमाने दाम वसूल रहे दुकानदार किसान परेशान

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**माधौगंज (हरदोई)।** किसान खाद लेने के लिए बरसात में सुबह से छाता लगाकर लाइन में खड़े नजर आए। दुकानदार मनमाने खाद के दाम वसूल रहे है। किसान मजबूर होकर अधिक दामो में खाद खरीद रहा है। कस्बे से सहिजना मार्ग पर पीसीएफ का केंद्र है। इस केंद्र पर किसान सुबह 6 बजे से यूरिया खाद खरीदने के लिए लाइन में लगे नजर आए। क्षेत्रीय किसान महेश प्रसाद, मनोज, रामकुमार, रामकिशन, सुशील कुमार आदि का कहना है कि प्राइवेट दुकानों पर भी खाद निर्धारित मूल्य से अधिक 330 से लेकर 400 तक में खाद बेंच रहे है एक बोरी की खाद पर सल्फर, जिंक का झोला के बिना खाद नही देते है। साधन सहकारी समितियों में खाद की जानकारी नही दी जाती है। पीसीएफ केंद्र प्रभारी योगेश कुमार ने बताया सोमवार को 660 बोरी खाद के स्टॉक से वितरण किया जा रहा है। रकबा के अनुसार एक से दो बोरी खाद दी गई। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दुकानदार खाद नही होने की बात कहते है। एक केंद्र पर खाद वितरण होने के कारण बघौली, बिलग्राम आदि ग्रामीण क्षेत्र के किसान खाद के लिए पीसीएफ केंद्र पर आते है जिसके कारण भीड़ अधिक लग जाती है।

## भाजपा महिला मोर्चा व वैश्य समाज महिला द्वारा हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर अलका गुप्ता जिलाध्यक्ष वैश्य समाज महिला व भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हरदोई द्वारा वैश्य समाज महिला हरदोई के तत्वाधान में हरियाली तीज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर अंजु गुप्ता वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ निर्मला नर्सिंग होम हरदोई तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका गुप्ता ने की।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेल खिलाए गए जिसमें विशेषकर म्यूजिकल चेयर में रश्मि गुप्ता, फोन अ फ्रेंड में रचना गुप्ता और आभा गुप्ताए बिंदी वाले खेल में सुषमा गुप्ता और हरियाली तीज क्वीन में श्रद्धा गुप्ता विजय रही। सभी विजयी प्रतिभागियों को विजेता स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया व सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह व माला पहनकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वैश्य समाज महिला संगठन की घोषणा की गई जिसमें जिला कार्यकारिणी, नगर कार्यकारिणी पदाधिकारी को संगठन दायित्व का मनोनयन प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से डा0 रेखा गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, विमलेश गुप्ता, बबीता गुप्ता, मधुबाला गुप्ता, पदमा गुप्ता, सरला गुप्ता, बॉबी गुप्ता, सुषमा गुप्ता, सरिता गुप्ता, मनु गुप्ता, रितु गुप्ता, रचना बंसल, कीर्ति अग्रवाल, रेखा गुप्ता, शशि गुप्ता, सोनी गुप्ता, हेमलता चौरसिया, रेनू गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, रचना गुप्ता, निशु गुप्ता, नीतू गुप्ता, कमल गुप्ता, संगीता रस्तोगी, चंद्रप्रभा गुप्ता, विधी गुप्ता, गीता गुप्ता, आरती गुप्ता, पूजा गुप्ता, पुष्पा चौरसिया, गीता गुप्ता, कंचन गुप्ता, बिंदिया गुप्ता, वंदना गुप्ता, बिना गुप्ता, रेखा गुप्ता, राधा अग्रवाल, रुबी गुप्ता, रचना गुप्ता, सुनीता गुप्ता, नेहा गुप्ता, कविता टंडन, सुनीता राठौर, सुमन सिंह, रेखा कुशवाहा, सीमा मिश्रा सहित आदि अन्य बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## युवती को बहला-फुसला कर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहाबाद (हरदोई)( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है । जिसके कब्जे से युवती को सकुशल बरामद किया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता के अनुसार 23 जून को शाहाबाद कोतवाली के सिकंदरपुर नरकतरा गांव का रहने वाला रितेश उर्फ छोटू पुत्र राम प्रकाश उसकी पुत्री को बहला फुसला कर भग ले गया। इस संबंध में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया आरोपी रितेश उर्फ छोटू को उपनिरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से युवती को सकुशल बरामद किया गया। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। युवती को डॉक्टरी परीक्षण के लिए हरदोई भेजा गया है।

## ड्रोन उड़ाने पर नए नियमः बिना पंजीकरण और अनुमति उड़ाना प्रतिबंधित, जारी किए दिशा-निर्देश

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अब बिना पंजीकरण और अनुमति के ड्रोन उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्ट्रेट स्थित विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने संयुक्त प्रेसवार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने ड्रोन संचालन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश जारी किए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में अब बिना पंजीकरण और पुलिस-प्रशासन की अनुमति के ड्रोन उड़ाना पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में लिया गया है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है। साथ ही मॉब लिंचिंग या अन्य आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखना है। वर्ष 2023 की ड्रोन संचालन नियमावली के अनुसार किसी भी व्यक्ति को ड्रोन उड़ाने से पहले उसका पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यदि कोई बिना अनुमति ड्रोन उड़ाता है या नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि ड्रोन के जरिए किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम देने पर दोषियों पर सख्त कानूनी धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी ड्रोन मालिकों को जल्द ही रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया और अनुमति से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश उपलब्ध करा दिए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या अनुमति के लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क करें।

## अंतिम सोमवार को हुई मंदिर मे हजारों श्रद्धालुओं की भीड़

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** सावन माह के आखिरी सोमवार को बाबा सुनासीर नाथ धाम पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार की मध्यरात्रि से भक्तों का तांता लगा रहा जो सोमवार को देर शाम तक भोले नाथ के दर्शन का सिलसिला चलता रहा। मंदिर कमेटी की तरफ से भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी व भक्तों को सुबिधा पूर्वक दर्शन हो सके इस बार प्राइवेट सिक्योरिटी बाउंसर रखें गये। प्राइवेट सिक्योरिटी की व्यवस्था एस डी ग्रुप के मालिक श्यामू द्विवेदी तथा शिवकांत दीक्षित द्वारा की गई। मंदिर कमेटी की तरफ से बाबा सुनासीर नाथ में लगने वाले मेले को राजकीय मेला घोषित किये जाने की मांग की गई। स्नातक क्षेत्र से एम एल सी अवनीश कुमार ने जिलाधिकारी से इसमें आने वाली प्रक्रिया को मंदिर कमेटी से मिलकर बात करने को कहा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अभय शंकर शुक्ला ने बताया कि राजकीय मेला के लिए सांसद अशोक रावतएएम एल सी अवनीश कुमारएएम एल सी अशोक अग्रवाल ने राजकीय मेला घोषित किए जाने की संस्तुति कर दी है। जिलाधिकारी ने कमेटी से प्रपोजल देने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर से बरसात का पानी निकलने के लिए एक नाले की स्वीकृति क्षेत्रीय बिधायक द्वारा की गई। मंदिर कमेटी की तरफ से नियुक्त वालंटियर कमेटी के सदस्य पुलिस प्रशासन व थाना प्रभारी बालेंद्र मिश्रा का नेतृत्व टीम में लगे उनके सहयोगियों द्वारा की गई मेहनत ने अब तक मेले को शांति पूर्ण सम्पन्न कराने में प्रमुख भूमिका निभाई।समय समय पर जिलाधिकारी अनुनय झां तथा पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने भी मंदिर पर पहुंचकर प्रशासन की हौसला अफ्जाई करते रहे व आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे। मंदिर कमेटी ने प्रशासनिक टीम का शांति पूर्वक मेला सम्पन्न कराने में धन्यवाद दिया है। आखिरी मेले के दौरान मंदिर कमेटी की तरफ से अभय शंकर शुक्ला अध्यक्ष, कमलेश प्रधान महामंत्री, प्रमोद मिश्रा, राम गोविंद शास्त्री, पं० मंगल मिश्रा, भास्कर मिश्रा, संजीव पाठक, रामपाल दिवाकर, बाबू राठौर आदि उपस्थित रहे।

## मनुष्य में अहंकार नहीं करना चाहिएः शास्त्री

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** नगर के मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ में आयोजित शिवाराधना महोत्सव 2025 के अंतर्गत तृतीय दिवस में आचार्य नरेश चंद्र शास्त्री ने शिव चरित्र सुनाते हुए उपस्थित भक्तों से कहा कि अहंकार का मानव जीवन में कोई भी स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि अहंकार कहां ले डूबेगा इसका कोई पता नहीं। अहंकारी की सहायता परमात्मा भी नहीं कर सकता स कथा व्यास ने बताया दक्ष की पुत्री सती ने अहंकार के वशीभूत कुम्भज ऋषि के द्वारा सुनाई गई राम कथा को श्रवण नहीं किया और अपने पति भगवान शंकर के प्रति एक नहीं बल्कि सात अपराध किए। एक अपने जगत पूज्य पति पर अविश्वास दूसरा पति की आज्ञा की अवहेलनाए तीसरा भगवान शंकर के इष्ट श्री राम के साथ छल कपट अर्थात सीता का वेश धारण करना, चौथा श्री राम के पहचाने जाने पर बिना क्षमा मांगे वहां से भागनाए पंचम भगवान शंकर से अपना कृत्य छिपाना अर्थात असत्य भाषणए छठवां ऋषि का अपमान, सातवां सब कुछ जान लेने के बाद भी अहंकार के वशीभूत होने के कारण भगवान शंकर जी से भी क्षमा याचना न करना। आखिरकार पति के वियोग में दीर्घकालिक जीवन यापन कर शरीर का त्याग करना पड़ा स नरेश चंद शास्त्री ने सती के त्याग की मार्मिक चर्चा कर उपस्थित भक्त बन्धुओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर पंकज त्रिपाठी, अवधेश बाबू मिश्रा, सुभाष चंद्र रस्तोगी, संजीव गुप्ता, सत्येंद्र प्रकाश पांडे, आकाश, लक्ष्मी, गुड़िया दुर्गावती, किरण रस्तोगी, प्रभा श्रीवास्तव, नैंसी सैकड़ो भक्तों सहित स्वामी आत्मानंद गिरि उपस्थित रहे।

## आईपीएस आलोक राजनारायण होंगे सीओ शाहाबाद

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जनपद में आए 2022 रैंक के आईपीएस आलोक राज नारायण सहायक पुलिस अधीक्षक को पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शाहाबाद सर्किल की नई जिम्मेदारी दी है। श्री नारायण शाहाबाद सर्किल के शाहाबाद, मझिला, पाली, पचदेवरा और पुलिस लाइन में सहायक पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण करेंगे। क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा को क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात रहने दिया गया है।



## किशोरी को बहला कर ले जाने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी के विरुद्ध कोतवाली पिहानी में किशोरी के पिता द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है।पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के पिता के अनुसार उसकी पंद्रह वर्षीय पुत्री को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भीठा मजरा बूढ़ा गांव निवासी दीपू पुत्र शिव सरन 31 जुलाई की शाम को चार बजे बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसने पुत्री को काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है।पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## सड़क पर गिरा नीम का पेड़, बाइक सवार घायल

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के स्टेशन मार्ग पर गढ़ी दरमियांनी मोहल्ले में सड़क पर बरसात की वजह से सोमवार को सुबह ०9:00 बजे एक नीम का पेड़ गिर गया जिससे अधिकांश लोग बाल बाल बच गए। लेकिन एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल मोहल्ले के लोग दौड़े और दबे हुए युवक को नीम के नीचे से निकाला जो काफी लहूलुहान हो गया है। घायल युवक को अस्पताल भिजवाया गया है । नीम का पेड़ गिर जाने से शाहाबाद पिहानी मार्ग पर जाम लग गया है । वीडियो में हमारे दर्शक साफ देख सकते हैं कि साइकिल और बाइक सवार पेड़ की डाल के नीचे से तो निकल रहे हैं लेकिन दोनों और बड़े वाहन रुक गए हैं। आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। वन विभाग और पुलिस को सूचना दी गई है।

# देवी महेश्वरी 'श्रीजी' ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन







राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** विश्व मंगल परिवार सेवा संस्थान एवं सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के तत्वावधान में डॉ० राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अल्लीपुर, हरदोई में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस की कथा श्री धाम वृन्दावन से पधारी हुई देवी महेश्वरी 'श्रीजी' ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए पूतना, अकासुर, बकासुर आदि दानवों का मर्दन माखन चोरी लीला, गौ चारण आदि लीलाओं का वर्णन करते हुए गोवर्धन लीला की कथा सुनाते हुए बताया कि एक दिन गोकुल वासी इंद्र की पूजा की तैयारी कर रहे थे तो श्री कृष्ण ने कहा कि बाबा आप उनकी पूजा क्यों करते है, आप उनकी करे जो साक्षात है श्री गोवर्धन जी तब समस्त गोकुल वासी 56 भोग की प्रसादी तैयार कर गोवर्धन की पूजा करने जाते है और पूजन कर गोवर्धन जी की परिक्रमा करते है। देवी जी ने बताया कि गोवर्धन जी कलयुग के साक्षात् देवता है जो समस्त पापों का निवारण कर समस्त सुखों को प्रदान करते है। कथा श्रवण के लिए अवनेंद्र विक्रम सिंह-जिला अध्यक्ष सेवा भारती, अमन विक्रम सिंह. युवा अध्यक्ष सीतापुर, डॉ० राजवीर सिंह, भंवर सिंह, अध्यक्ष सीतापुर, राम मोहन त्रिवेदी, शुभम वाजपेई, गौरीश बाजपेई, निर्भय नारायण गुप्ता. महानगर अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद, वीरेंद्र तिवारी-प्रांत अध्यक्ष अवध प्रांत, गंगाचरण दीक्षित, बिंदेश्वरी पाण्डे, अर्चना बाजपेई, विकास पाठक, अंकित पाठक, राजेंद्र त्रिवेदी आदि लोग उपस्थित हुए।

## पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार को भी पाली कस्बा शिव भक्ति मय में डूबा रहा



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**पाली ( हरदोई )।** पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार को पाली नगर के श्रद्धालुयो ने सिद्धनाथ शिवाला का जलाभिषेक किया गया मोहल्ला बेनीगंज और सुलह सराय 21 सदस्यों की निकली टोली रविवार शाम करीब 11:00 बजे फर्रुखाबाद पांचाल घाट के लिए रवाना हुई वहीं पांचाल घाट से जल भरकर सोमवार सुबह करीब ०3:00 बजे से हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए सुबह ०9:00 बजे कांवड़ियों का जल्था रामलीला चौराहे पर पहुंचा जहां जहां पर पहले से इंतजार कर रहे भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा अपने साथियों के साथ कांवड़ियों के ऊपर पुरुष वर्ष की रामलीला चौराहे से शिव भक्तों के साथ हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए पाली मोहल्ला बेनीगंज स्थित सिद्धनाथ मंदिर के पुजारी गंगा शंकर शुक्ला ने बताया कि यह शिवाला करीब चार सो साल पुराना है इस शिवलिंग की विशेषता है कि जो भक्त सच्चे मन से पूजा अर्चना करता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है शिव भक्तों की जैसे प्रकाश शुक्ला रामबाबू शुक्ला श्याम बाबू सरोज मनोज विवेक अमित आदि लोग मौजूद रहे।

## होलिका दहन भूमि पर अवैध निर्माण की डीएम से शिकायत

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**बघौली ( हरदोई )।** थाना क्षेत्र के काईमाऊ गांव में कुछ लोगों ने होलिका दहन के लिए आरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण की लिखित शिकायत जिलाधिकारी अनुनय झा से की है। स्थानीय हरीप्रकाश पुत्र शिव कुमार का आरोप है कि गांव के नौशाद पुत्र रशीद अहमद, रमेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश, गुड्डू पुत्र ओम प्रकाश, दीपांशु पुत्र गुड्डू, प्रांशु पुत्र विनोद कुमार, मेहराज पुत्र रशीद अहमद, विनोद कुमार पुत्र आत्माराम, सुमित कुमार पुत्र विनोद कुमार, ने होलिका दहन की आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया है, जिससे होलिका दहन में बाधा आएगी। उन्होंने कहा हर वर्ष होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान स्थानीय बघौली पुलिस की ड्यूटी लगती है जहां पर सभी गांव वासी होलिका माता की पूजा अर्चना करते हैं। उक्त भूमि होलिका दहन को लेकर सैकड़ो दशक से आरक्षित है। कहा यह मामला स्थानीय प्रशासन के संज्ञान में है और वे इस मामले की जांच कर रहे हैं। जिसके बावजूद विपक्षी निर्माण कार्य को जारी रखना चाहते हैं। वही मामले पर क्षेत्रीय लेखपाल प्रदीप कुमार ने माना कि उक्त भूमि पर होलिका दहन होता रहा है पर पास की भूमि जो अन्य खाता धारकों के नाम दर्ज है उन्हीं के द्वारा अपनी भूमि पर निर्माण कराया जा रहा है। जबकि उपरोक्त विपक्षियों द्वारा बैनामा भूमि पर निर्माण कार्य के साथ होलिका दहन भूमि को भी कब्जे की नीयत से निर्माण में शामिल कर लिया गया है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं थाना अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत पर निर्माण कार्य को रोक दिया गया है और दोनों पक्षों पर शांति भंग की धाराओं में कार्यवाही की गई है।

## भाजपाइयों ने बिवियापुर स्थित शिव मंदिर में की साफ-सफाई



**सवायजपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** भरखनी ब्लॉक क्षेत्र के बिवियापुर स्थित प्रसिद्ध पाण्डव कालीन सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर पर ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने साफ सफाई की। मंदिर परिसर से भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने कचरे को इकट्ठा किया। उन्होंने सभी दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं से कूड़े को कूड़ेदान में ही डालने एवं मंदिर परिसर में गंदगी न करने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह सेनानी ने रविवार सुबह सर्वप्रथम सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया इसके बाद निवर्तमान मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह के साथ मिलकर मंदिर परिसर में बृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई की। भाजपाइयों ने मंदिर परिसर में मौजूद श्रृद्धालुओं और दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान अनंगपुर मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रोहिताश सिंह राणा अजय सिंह चौहान लल्ला सिंह विजय बहादुर सिंह सुधीर सिंह आकाश सिंह सरोज सिंह कन्हैया शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मोहित सिंह द्वारा की अंग प्रदक्षिना यात्रा

**टोडरपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** धार्मिक आस्था और संकल्प की मिसाल पेश करते हुए मोहित सिंह नामक श्रद्धालु निवासी पसिगबा पांचाल घाट फर्रुखाबाद गंगा से जल भरकर शिव संकट हरण मंदिर सकाहा हरदोई तक अंग प्रदक्षिना यात्रा कर रहा है। लगभग 75 किलो मीटर की यात्रा है मोहित सिंह शाहाबाद के पास पासगवां गांव के रहने वाले है यह यात्रा पूरी तरह धार्मिक समर्पण और तप का प्रतीक मानी जा रही है, जिसमें मोहित सिंह हर एक कदम पर अंग प्रदक्षिना कर आगे बढ़ रहा है। इस कठिन और तपस्वी यात्रा के दौरान मोहित सिंह का उद्देश्य ईश्वर की कृपा प्राप्त करना और समाज को यह संदेश देना है कि सच्चे मन से किया गया संकल्प अवश्य पूर्ण होता है। अंग प्रदक्षिना यात्रा के दौरान ग्रामीण जन श्रद्धा से उन्हें फूल माला पहनाते हैं और जलपान कराते हैं। यह दृश्य लोगों के बीच गहरी भक्ति और आस्था का भाव जगा रहा है। गांव-गांव से लोग इस प्रथम यात्रा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हो रहे हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक मोहित सिंह की आस्था और संकल्प को देख भावुक हो उठते हैं। शिव संकट हरण मंदिर सकाहा पहुंचने के साथ ही मोहित सिंह विशेष पूजा-अर्चना करेंगे बताया गया कि जिला हरदोई का पहला लड़का है जो इस तरह आस्था से जुड़कर भोलेनाथ के दरबार तक पहुंचेगा।

### बर्तन चुराने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौक स्थित एक बर्तन विक्रेता के यहां से बर्तन चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार किया गया है। जिसे जेल भेज दिया गया। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला चौक में पवन पुत्र श्याम बाबू की बर्तन की दुकान है। 1 अगस्त को अज्ञात चोर उसकी दुकान से अलमुनियम का पतीला चोरी करके ले गया जिसकी हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई । पवन ने सीसीटीवी फुटेज दिखाकर कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई । प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया सुनील उर्फ रंगीले पुत्र रामस्वरूप निवासी निवासी रामपुर हमजा थाना लोनार को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से अलमुनियम का पतीला भी बरामद हुआ। चोर को जेल भेज दिया गया है।

### हाईवे पर भयंकर जल भराव, जेसीबी से डिवाइडर तोड़कर निकाला गया पानी

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** हरदोई शाहजहांपुर हाईवे पर हरियाली बाजार के निकट तेज बारिश के कारण हाइवे पर भयंकर जल भराव हो गया। वाहनों को निकलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तत्काल सूचना पाकर पीडब्ल्यूडी विभाग ने जेसीबी की व्यवस्था करके डिवाइडर को तुड़वाकर पानी निकलवाया। तब जाकर पानी का निकास हो सका। रविवार और सोमवार सोमवार की मध्य रात्रि में ०२:00 बजे से हुई मूसलाधार बारिश से हरियाली बाजार के पास हाईवे पर जल भराव हो गया। शाहजहांपुर हरदोई से आने वाले वाहनों को जल भराव की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# देवदास से सैयारा तक दर्शकों पर प्रेम का जादू

प्यार एक जज्बात है। किशोर से लेकर अधेड़ व्यक्ति तक को सच्चे प्यार की तलाश होती है। स्वरूप चाहे अलग हो, मगर सच्चा प्यार सबकी चाहत होती है। सिर्फ फिल्म के परदे पर ही नहीं, आम लोगों की जिंदगी में भी प्रेम कहानियां होती है। लेकिन, जब दर्शक उन्हें परदे पर देखता है, तो उसे वो 'लार्जर देन लाइफ' नजर आती हैं। असल में दर्शक फिल्मों के जरिए अपने प्यार के सपनों को पूरा करने की कल्पना करता है। यही वजह है कि फिल्मों में प्रेम कहानियों पर बनी फिल्में ज्यादा पसंद की जाती हैं और बॉक्स ऑफिस पर ऐसी फिल्में कमाई का रिकॉर्ड बनाती हैं। दरअसल, सिनेमा में प्रेम कथाओं का इतिहास समृद्ध और विविधता से भरा रहा है। शुरुआती दौर से आज तक प्रेम, रोमांस और कोमल भावनाओं को प्रमुख विषय के रूप में फिल्माया जाता रहा है, जो दर्शकों की भावनाओं के साथ गहराई से जुड़ता है। फिल्म इतिहास में 1930 से 1950 के दशक में प्रेम कहानियों को सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों के संदर्भ में दर्शाया गया था। उस दौर में 'देवदास' जैसी फिल्में बनी जिसने प्रेम, त्याग और सामाजिक बंधनों जैसे मसलों को उजागर किया। तब प्रेम को आदर्शवादी और भावनात्मक रूप से चित्रित किया जाता था। इसके बाद फिल्में आजादी की कहानियों में उलझ गई। वहीं 1960-70 का दशक फिर प्रेम कहानियों से गुलजार रहा। इस दौरान प्रेम कहानियों में अधिक यथार्थवादी और समकालीन विषयों को शामिल किया गया। 'प्रेम कहानी' और 'लव स्टोरी' जैसी फिल्मों ने प्रेम और व्यक्तिगत संघर्षों के जटिल पहलुओं को दर्शाया। मनोरंजन के साथ इन फिल्मों ने प्रेम, दोस्ती और पारिवारिक रिश्तों के बदलते स्वरूपों पर भी प्रकाश डाला। वहीं 1980-90 के दशक की प्रेम कहानियों में संगीत, नृत्य और भावनात्मक दृश्यों का अधिक उपयोग किया गया। 'मैंने प्यार किया' और 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' जैसी फिल्मों ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया और प्रेम को सुखद और आशावादी दृष्टिकोण से चित्रित किया। इन फिल्मों ने प्रेम, दोस्ती, और परिवार के महत्व पर जोर दिया। लेकिन, 2000 के बाद की लव स्टोरी में सामाजिक मुद्दे, अंतर-सांस्कृतिक प्रेम और प्रेम के विभिन्न रूप शामिल किए गए। 'गदर' और 'तेरे नाम' जैसी फिल्मों ने प्रेम, देशभक्ति और सामाजिक संघर्षों के बीच के जटिल संबंधों को उजागर किया। सच्ची घटनाओं पर बनी 'छपाक' जैसी फिल्में भी पसंद की गई। 'सैयारा' की सफलता की एक बड़ी वजह यह भी मानी जा सकती है कि दर्शक ओटीटी की उन फिल्मों और वेब सीरीज से ऊब चुके हैं, जिनमें हिंसा और खून खराबा ज्यादा हो। रणवीर कपूर की 'एनिमल' जैसी फिल्में भी कम नहीं। ऐसे माहौल में दर्शकों को कुछ अलग से मनोरंजन की जरूरत थी, जिसे 'सैयारा' ने काफी हद तक पूरा किया। देखा जाए तो फिल्म के कथानक में कोई नयापन नहीं है, जो दर्शकों को बांधकर रखे। ये फिल्म दक्षिण कोरिया की 2004 में आई फिल्म 'ए मोमेंट टू रिमेंबर' का अनऑफिशियल अडॉप्टेशन है। इसी कहानी पर 2008 में अजय देवगन की फिल्म 'मैं, तुम और हम' आ चुकी है। इसमें काजोल का किरदार अल्जाइमर से पीड़ित होता है। इस फिल्म से प्रभावित 'सैयारा' की कहानी लिखते समय ध्यान रखा गया कि खून खराबा से ऊबे दर्शकों को कैसे भावनात्मक तरीके से रुलाया जाए। नायक और नायिका में तालमेल भी मुश्किल से बनता है, पर जब दोनों एक-दूसरे की पीड़ा को समझते हैं, तो जुड़ जाते हैं। शराबी बाप का परेशान बेटा और अल्जाइमर की मरीज लड़की में नजदीकी बढ़ जाती है और इमोशनल दर्शक फिल्म को हिट करा देते हैं। आज के दौर में प्रेम कथा की नई परिभाषा रची है फिल्म 'सैयारा' ने। बिना प्रचार के आई नए कलाकारों की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई का कीर्तिमान रचा। हालांकि कहानी में कोई नयापन नहीं। 'सैयारा' की नई जोड़ी अहान पांडे और अनीता पड्डा में दर्शकों को नयेपन का अहसास हुआ। इसी ताजगी ने 'सैयारा' को सफलता दिलाई। हिंदी सिनेमा की करीब सवा सौ साल की यात्रा में दर्शकों को हमेशा से युवा सितारों की चाहत रही, जो बड़े परदे के जरिए उनके दिलों को धड़काए रखें। हालांकि, सिनेमा के शुरुआती दौर में हीरो कहीं से युवा दिखाई नहीं देते थे।

**असल में दर्शक फिल्मों के जरिए अपने प्यार के सपनों को पूरा करने की कल्पना करता है। यही वजह है कि फिल्मों में प्रेम कहानियों पर बनी फिल्में ज्यादा पसंद की जाती हैं और बॉक्स ऑफिस पर ऐसी फिल्में कमाई का रिकॉर्ड बनाती हैं। दरअसल, सिनेमा में प्रेम कथाओं का इतिहास समृद्ध और विविधता से भरा रहा है। शुरुआती दौर से आज तक प्रेम, रोमांस और कोमल भावनाओं को प्रमुख विषय के रूप में फिल्माया जाता रहा है, जो दर्शकों की भावनाओं के साथ गहराई से जुड़ता है। फिल्म इतिहास में 1930 से 1950 के दशक में प्रेम कहानियों को सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों के संदर्भ में दर्शाया गया था।**

# हिन्दू या भगवा कभी आतंकवादी नहीं हो सकता

मृत्युंजय दीक्षित

2004 से 2014 के मध्य पूरा भारत आतंकवाद से त्रस्त था। आये दिन होने वाले आतंकी बम धमाकों ने देश की जनता को भयभीत कर रखा था। ऐसे ही बम धमाकों की श्रृंखला में महाराष्ट्र के मालेगांव में 29 सितंबर 2008 को हुए बम धमाकों में कम से कम छह लोग मारे गए थे और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। 17 वर्षों के बाद मालेगांव की घटना की आम और खास लोगों में चर्चा का एक विशिष्ट प्रयोजन है। तत्कालीन केन्द्र की कंाग्रेस सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार करते हुये जहां एक ओर पाक प्रायोजित आतंकवाद पर ढुलमुल रवैया अपनाये रही वहीं दूसरी ओर मालेगांव बम विस्फोट पर ष्हिन्दू आतंकवादष् का एक काल्पनिक कथानक रचकर उसे खूब प्रचारित और प्रसारित करने का प्रयास किया। बिना किसी सबूत के और बिना किसी जांच के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा अन्य हिन्दू संगठन से जुड़े कई लोगों को गिरफ्तार लिया गया जिनमें साध्वी प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टीनेन्ट कर्नल पुरोहित, रिटायर्ड मेजर रमेष उपाध्याय, समीर कुलकर्णी अजय रहीरकर, सुधाकर द्विवेदी और सुधाकर चतुर्वेदी प्रमुख हैं। सत्रह वर्षों बाद नेषनल इन्वेस्टिगेषन एजेंसी के विषेष न्यायालय ने 31 जुलाई 2025 को सभी सातों आरोपियों को ठोस सबूतों के अभाव में दोषमुक्त घोषित करते हुए बरी कर दिया। मुस्लिम तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाले हिन्दू तथा सनातन विरोधी कंाग्रेस और उसके सहयोगी दलां की भगवा आतंकवाद की पूरी थ्योरी न्यायपालिक के प्रथम चरण में ध्वस्त हो गई है। अब न्यायालय के निर्णय पर राजनीति होना स्वाभाविक गतिविधि है। विषेष अदालत के फैसले ने इस तथ्य को पुनःप्रमाणित कर दिया है कि एक हिन्दू अथवा सनातनी कभी भी आतंकी नहीं हो सकता। यह फैसला बहुसंख्यक हिन्दू समाज तथा संत समाज को आनंदित करने वाला है वहीं कंाग्रेस के नेतृत्व वाला समूचा विपक्ष आज उसी तरह से रो रहा है जिस प्रकार वे अयोध्या में बाबरी विध्वंस के समय रोये थे। यह वही मुकदमा है जिसके आधार पर तत्कालीन कंाग्रेस सरकार ने भगवा आतंकवाद का एक पूर्णतः असत्य कथानक रचा और पूरे विश्व में सनातन धर्म को अपमानित करने की कोषिष की। साध्वी प्रज्ञा सहित सभी सात आरोपियां को एक नितान्त मनगढ़न्त आरोपों से अपनी असंबद्धता सिद्ध करने के लिये 17 वर्षों तक न केवल कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी अपितु सतत मानसिक और षारीरिक प्रताड़ना भी झेलनी पड़ी थी। एक महिला होने के नाते सर्वाधिक अत्याचार व अपमान साध्वी प्रज्ञा ठाकुर को 9 साल जेल में रहते हुए सहना पड़ा था। प्रज्ञा ठाकुर का संत से संसद तक का सफर - मध्यप्रदेश की भगवाधारी महिला संत प्रज्ञा सिंह ठाकुर को महाराष्ट्र एटीएस ने गिरफ्तार कर उन्हें पर आतंकवचादी बताया था। लेकिन इन्हीं आरोपों को अवसर में बदलते हुए वह भोपाल से बीजेपी की सांसद चुनी गई। जेल में रहते हुए उन पर 10 दिनों तक अपना अपराध स्वीकार करने सहित साजिश कर्ताओं के नाम बताने के नाम पर अथाह अत्याचार किये गये जिस कारण उनका स्वास्थ्य भी बिगड गया था। किंतु प्रज्ञा ठाकुर जी ने अपना धैर्य ,साहस व मनोबल नहीं खोया सभी आरोपी बराबर कहते रहे थे कि यह एक साजिश है और उन सभी को फंसाया जा रहा है। उन सभी के साहस और धैर्य ने हिन्दू-भगवा को आतंकवाद के अनर्गल आरोप से मुक्त करा दिया है। अब आज जाकर साध्वी प्रज्ञा ठाकुर व सभी सात अन्य आरोपी पूर्ण रूप स्वतंत्र हुए हैं हालांकि अभी पीडित परिवारों के वकील का कहना है कि वह सभी लोग मामले को सुपीम कोर्ट में चुनौती देंगे वही कुछ मुस्लिम परस्ती की राजनीति करने वाले लोग इस मामले में जनहित याचिका भी डालने जा रहे हैं किंतु महाराष्ट्र सरकार की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि फिलहाल वह इस मामले को ऊपरी अदालत में नहीं ले जाएगी।वहीं कंाग्रेस सहित मुस्लिम संगठन महाराष्ट्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कह रहे हैं कि जिस प्रकार वह त्वरित गति से मुंबई ट्रेन धमाकों के मामले को ऊपरी आदालत में लेकर चली गई इसी प्रकार उसे इस फैसले में भी करना चाहिए। किंतु यहां पर सबसे बड़ा प्रश्न यह भी है कि इन सभी अरोपियों के जो 17 बहुमूल्य वर्ष व समय खराब हुआ है उसकी भरपाई कौन और कैसे कर पायेगा? । यह जानना भी आवश्यक है कि भगवा आतंकवाद की थ्योरी का जनक आखिर है कौन और इससे किसको लाभ होने वाला था। किसने इन सभी लोगां को आरोपी बनाने की कहानियां गढ़ी क्या अब उन सभी को न्यायपालिका , जांच एजेंसियों के कठघरे में खड़ा किया जाएगा। आखिर कौन है जो हिन्दुओं व भगवा को बदनाम करने के लिए साजिषें रच रहा था और फिर सबसे विषेष मालेगांव व समझौता एक्सप्रेस जैसे बम धमाके करवाने व फिर उन सभी तमाम घटनओं में साधु -संतों को गिरफ्तार करने की साजिषें कौन रच रहा था।निष्चित रूप से उस समय कंाग्रेस केंद्र की सत्ता में थी और महाराष्ट्र में कंाग्रेस -एनसीपी की सरकार थी। जब यह घटना घटी थी उस समय महाराष्ट्र में एनसीपी के आर आर पाटिल गृहमंत्री थे और केंद्र में कंाग्रेस के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि भगवा आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ने के लिए अब कंाग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। भगवा आतांकवाद की थ्योरी का जन्मदाता एनसीपी नेता षरद पवार को ही माना जा रहा है और उनकी इस नीति को गृहमंत्री शिवराज पाटिल के बाद सुशील कुमार शिंदे , मध्यप्रदेश कंाग्रेस के नेता दिग्विजय सिंह व कमलनाथ और फिर उसके बाद गृहमंत्री पी चिदम्बरम ने ही पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ाया। कोर्ट के फैसले से साफ हो गया है कि कुछ लोगां ने अपने निजी और राजनीतिक स्वार्थ के कारण भगवा आतंकवद के झूठे मुददे को अपनी विकृत राजनीति का हथियार बनाया और पूरे हिंदू समुदाय और हिंदू धर्म को आतंकावाद से जोडने की नाकाम कोषिष की गईं और अब इन सभी साजिषों की परत दर परत उखड़ने लग गई है। इससे पूर्व समझौता एक्सप्रेस बम धमाके की साजिश रचने के आरोप में स्वामी असीमानंद महाराज भी बरी हो चुके हैं इस प्रकार यह दूसरा बड़ा अवसर है जब कंाग्रेस की भगवा आतंकवाद की थ्योरी कोर्ट में ध्वस्त हे गई है।कोर्ट का फैसला आते ही हिंदू संगठनों में आनंद व उत्साह का वातावरण देखा गया तथा सभी ने पटाखे दागकर व एक -दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय का उत्सव मनाया। कोर्ट की अहम टिप्पणियां - इस पूरे प्रकरण में अपने अंतिम फैसले में कई ऐतिहासिक व गंभीर टिप्पणियां करते हुए कहाकि ,ल्लआतंकवद का कोइ रंग या धर्म नहीं होता।कोर्ट ने माना है कि कई लोगों के बयान उन्हें प्रताड़ित करके लिए गये हैं। कोर्ट का फैसला आने के बाद अब हिंदू संगठनों की ओर से पी. चिदम्बरम, दिग्विजय सिंह सहित उन सभी लोगों पर कार्यवाही करने की मांग की जा रही है जो सनातन को बदनाम करने के लिए भगवा आतंकवाद की झूठी साजिश रच रहे थे। निष्चय ही हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव एक राजनैतिक साजिश है इसका उद्देष्य इस्लामा आतंकियों को खुष करना और वोट बैंक को महबूत करने रहना है। यही कारण है कि कंाग्रेसराज में हिंदुओं को डराने -धमकाने के लिए बम धमाके होते रहते थे और मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार भगवा आतंकवाद का झूठा नैरेटिव गढ़ा करती थी। आज पूरे भारत से कंाग्रेस का सफाया हो रहा है। भगवा आतंकवाद के जनक तिलमिलाए हुए हैं।यही कारण है कि जब आज सरकार आतंकी ठिकानों पर चुन-चुनकर कार्यवाही करती है तब सेना व सराकर से यह विरोधी दल सबूत मांगने लगते हैं। अब होने लगे खतरनाक खुलासे - माले गांव पर कोर्ट का फैसला आने के बाद उस समय रची गई साजिश भी बेनकाब होने लगी है और पूर्व अधिकारी तक टीवी चैनलों पर आकर हिंदू धर्म को बदनाम करने के लिए रची गई खुलासा करने लगे हैं। उस समय इस मामले में संघ के कुछ बड़े नेताओं को भी फंसाने की मंशा थीं जिसमें इंद्रेश कुमार का नाम सबसे चर्चित था। मालेगांव विस्फोट कंाड की जांच करने वाली टीम के एक सदस्य मकहबूब मुजावर ने खुलासा किया है कि उस समय एनआईए के एक अधिकारी ने वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत को गिरफ्तार करने के लिए बहुत बड़ा दबाव बनाया था। अंततः उन्हें अपनी नौकरी से भी समय पूर्व ही हाथ धोना पड़ गया था। मुजावर कहते हैं कि रामजी कालसंगरा और संदीप डांगे की जगह साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित का नाम डालकर एक फर्जी जांच शुरू की गई। उन्होंने कहाकि एक ल्लगलत व्यक्ति ल्ल के द्वारा की गई गलत जांच का परिणम आज सामने आ गया है। इस मामले में तो यूपी के यशस्वी मुख्समंत्री योगी आदित्यनाथ को भी फंसाने की साजिश रची गई थी। वह तो भला हो कि इस पूरे झडे प्रकरण में सभी गवाह धीरे- धीरे मुकरते चले गये। महाराष्ट्र के मालेगांव में हुआ बम धमाका एक सुनियोजित राजनैतिक साजिश का एक बहुत ही बड़ा और घटिया हिस्सा था जो अब धीरे- धीरे ही सही लगातार बेनकाब होता जा रहा है और सेकुलर ताकतें भी उसी प्रकार से बेनकाब होती जा रही हैं। कंाग्रेस नेता राहुल गांधी ने आजकल हिंदू धर्म बनाम हिंदुत्व का नारा दिया है और उसकी आड़ में वह सनातन हिदू संस्कृति पर चोट पहुंचा रहे हैं। लेकिन अब यह साफ हो गया है कि राहुल गांधी एक बहुत ही सुनियोजित साजिश के तहत ही हिंदू धर्म बनाम हिंदुत्व का मुददा उठा रहे थे। राहुल गांधी कई बार हिंदू विरोधी बयानबाजी कर चुके हैं। एक खोजी पत्रकारिता करने वाली संस्था विकीलिक्स में दिए इंटरव्यू में उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ की तुलना में हिंदू संगठनां को हिन्दुत्व के उभार को सबसे बड़ा खतरा बताया था।यह वही राहुल गांधी हैं जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना मुस्लिम ब्रदरहुड से कर चुके हैं। स्पष्ट है कि राहुल गांधी के नेतृत्त वाला इंडी गठबंधन पूरी तरह से हिंदू विरोधी है और सनातन के उन्मूलन में लगातार लगा रहता है लेकिन यह लोग भूल जाते हैं कि जो सनातन है वो शाश्वत भी है और कभी समाप्त नहीं हो सकता।

# अंगभूमि भागलपुर की ठाकुर बाड़ियों में झूलनोत्सव की धूम

शिव शंकर सिंह पारिजात

भगवान श्रीकृष्ण के भक्तों के लिए झूलन यात्रा अर्थात झूलनोत्सव एक अति आनंदमय अवसर होता है जब भक्तगण श्रावण शुक्ल एकादशी से लेकर श्रावण पूर्णिमा तक प्रतिदिन सुनहरे झूलों पर राधा-कृष्ण की झूला-लीला का आयोजन करते हैं जो इस वर्ष 5 अगस्त से लेकर 9 अगस्त तक चलेगा। झूलनोत्सव के अवसर पर वातावरण अत्यंत सुहावना होता है। सावन के महीने में मनाये जानेवाले इस पर्व के दौरान प्रकृति रानी भी मानों सोलहों श्रृंगार के साथ निखर उठती है जब आकाश में मानसून के बादल उमड़ पड़ते हैं और भीषण गर्मी के बाद वर्षा होने से जनमानस के हृदय में प्रफुल्लता का संचार हो जाता है। इस दौरान श्रीकृष्ण का विशेष धाम ब्रजभूमि अत्यंत मनोरम व उत्सवमय हो उठता है। देश-दुनिया भर के हजारों भक्तगण राधा-कृष्ण के इस दिव्य युगल को झूला झुलाकर उनकी सेवा करने का अवसर-आनंद पाने के लिए यहां के मंदिरों में एकत्रित होते हैं। ऐसी मान्यता है कि वृंदावन ही वह पवित्र स्थली है जहां प्रभु श्रीकृष्ण ने पांच हजार वर्ष पूर्व अपने बाल्यकाल के सबसे प्रेममय अध्याय और युवावस्था के रास-रस से सराबोर वर्ष बिताए थे। ब्रजभूमि के भव्य मंदिर महा-उत्सव की चहल-पहल से गुंजायमान हो उठते है। इस दौरान श्रीराधा-कृष्ण के बाल लीलाओं के वृंदावन में गोप-गोपियों के साथ उनके झूला झूलने का पावन स्मरण किया जाता है। पांच दिनों तक मनाये जानेवाले इस पर्व के दौरान श्रीकृष्ण की लीला-स्थली वृंदावन सहित देश की हर ठाकुरबाड़ियों की रौनक निखर उठती है और पूरा माहौल उत्सवमय हो उठता है। झूलनोत्सव में श्रीराधा-कृष्ण की लीला भूमि वृंदावन और देश की अन्य ठाकुरबाड़ियों के साथ अंगभूमि के नाम से विख्यात भागलपुर में भी पर्व की विशेष चहल-पहल शुरू हो जाती है। खास बात यह है कि





इस प्राचीन नगरी के हर गली-मुहल्लों में राधा-कृष्ण के भव्य मंदिर हैं जहां झूलन की चहल-पहल शुरू होती है। मंदिरों और ठाकुरबाड़ियों के रंग-रोगन कराये जाते हैं तथा रंगीन बल्बों, फूलों आदि से विशेष साज-सज्जा की जाती है। भागलपुर नगर की ठाकुरबाड़ियों की बात करें तो यहां के प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बूढ़ानाथ स्थित राधा-कृष्ण मंदिर की विशेष साज-सज्जा के साथ झूलन के दौरान उन्हें प्रतिदिन मेवा-मिष्ठान सहित अंतिम दिन छप्पन भोग चढ़ाये जाते हैं, वहीं अलीगंज स्थित राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी में भगवान को नये वस्त्रों से आवेष्टित किया जाता है, भजन-कीर्तन के आयोजन होते हैं और अंतिम दिन छप्पन भोग लगाया जाता है। अनंतराम मारवाड़ी टोला में अन्य ठाकुरबाड़ियों की तरह पारंपरिक अनुष्ठान के साथ श्रीकृष्ण लीला पर आधारित कीर्तन की प्रस्तुति के साथ अंतिम दिन रंग-बिरंगे फूलों से साज-सज्जा की जाती है, वहीं गोशाला स्थित महादेव मंदिर में झूले पर विराजमान राधा-कृष्ण की आराधना में शंखनाद और घंटियों के बीच राधे-राधे के स्वर गूंजते हैं व अंतिम दिन बर्फ तथा फूलों से श्रृंगार किया जाता है। कोतवाली स्थित कूपेश्वर नाथ महादेव तथा वैरायटी चौक स्थित मंदिरों में राधा-कृष्ण के विग्रह को रेशमी वस्त्रों, आभूषणों व फूलों से सजाया जाता है जिसमें श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुए भक्तिभाव से भाग लेती हैं। प्राचीन अंग देश की राजधानी रहे नाथनगर व चम्पानगर के साथ नाथनगर रेलवे स्टेशन के आगे स्थित गग्गरा पुष्करिणी सरोवर, जहां कभी भगवान बुद्ध ने अवस्थान किया था, में स्थित कई पुरातन ठाकुरबाड़ियों में भी झूलनोत्सव के दौरान पूजन-अनुष्ठान होते हैं। नगर के मध्य में स्थित मुंदीचक मुहल्ले के पांचों राधा-कृष्ण मंदिरों में भी खूब धूमधाम रहती है। भागलपुर के टी.एन.जे. कालेजिएट स्कूल के पीछे गंगातट पर स्थित रघुनंदन प्रसाद की ठाकुरबाड़ी अपनी भव्यता और संगमरमर की अद्भुत कारीगरी के कारण दर्शनीय है जहां झूलन में विविध अनुष्ठान होते हैं। भागलपुर की उक्त ठाकुरबाड़ियों में सबसे महत्वपूर्ण ठाकुरबाड़ियों में बरारी सीढ़ीघाट में स्थित राधाकृष्ण मंदिर है जिसकी यादें इस अवसर पर तरोताजा हो उठती हैं। सौ वर्ष पूर्व बरारी स्टेट के जमींदार द्वारा निर्मित रोमन-हिन्दू स्थापत्य-कला का अनूठा नमूना यह अष्टकोणीय आकार का रास-मंच शैली में बना मंदिर भले आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, पर अपनी भव्यता के कारण बरबस किसी का भी ध्यान आकृष्ट कर लेता है। मंदिर की कलात्मक नक्काशियां, बुर्ज, कंगूरे, सीढ़ियां आदि तेजी से क्षरित हो रहें हैं, फिर भी अपनी पुरानी भव्यता संजोए हुए है। सुरक्षा के अभाव में राधाकृष्ण की पीतल की भव्य मूर्ति को अन्यत्र रखा गया है और फिलहाल यहां अष्टधातु की मूर्ति स्थापित है। यहां के पुराने नरसिंह मंदिर के ध्वस्त हो जाने के कारण भगवान नरसिंह की श्वेत संगमरमर की मूर्ति राधाकृष्ण मंदिर में ही रखी गई है। भागलपुर के बरारी के सीढ़ीघाट पर स्थित भव्यता के साथ निर्मित यह राधा-कृष्ण मंदिर अपनी नायाब वास्तुकला एवं राजस्थानी किलानुमा आकृति के कारण दूर से ही आकर्षित करता है। इसके निकट से गुजरने वाले विक्रमशिला सेतु से निहारने पर इस ठाकुर बाड़ी की छवि पानी में तैरते किसी महल-सी दिखती है। आज यह नायाब धरोहर घोर उपेक्षा का शिकार है जिसका समय रहते जीर्णोद्धार करके इसे धार्मिक स्थल के साथ एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके अलावा निजी लोगों के द्वारा भी अन्य कई महत्वपूर्ण ठाकुरबाड़ियां सम्प्रति सम्यक रख-रखाव के अभाव में कालकलवित होती जा रही हैं जिनके संरक्षण की आवश्यकता है।

# टैरिफ दादागिरी के बीच 'स्वदेशी' एक जनक्रांति बने

ललित गर्ग

**भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है।**

वाराणसी में अपने लोकसभा क्षेत्र से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया है कि वे संकल्प लें कि अपने घर स्वदेशी सामान ही लाएंगे। उनका यह आह्वान न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'दबाव की राजनीति' और 'टैरिफ की दादागिरी' का माकूल जबाव है बल्कि भारत को सशक्त अर्थ-व्यवस्था बनाने की बुनियाद भी है। मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान इसी सोच के साथ किया है। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि भारत को 'लोकल के लिए वोकल' बनना होगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक गहन आर्थिक और सांस्कृतिक रणनीति है जो हमें बाहरी निर्भरता से मुक्त कर सकती है। यह वही आत्मनिर्भरता है, जिसका बीजारोपण महात्मा गांधी ने चरखे और खादी के माध्यम से किया था और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्वदेशी जागरण के माध्यम से कर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की बौखलाहट का ही परिणाम है कि उन्होंने दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत अर्थव्यवस्थाङ्क तक कह दिया, उनका यह कहना न केवल तथ्यहीन और निराधार है, बल्कि भारत की आर्थिक संप्रभुता पर एक असभ्य एवं अक्षम्य आक्षेप भी है। इससे भी अधिक विडंबनापूर्ण और चिंताजनक बात यह है कि भारत के कुछ विपक्षी दलों ने इस अपमानजनक बयान को घरेलू राजनीति की 'ऑक्सीजन' मानकर इसे आंतरिक राजनीति का हथियार बनाकर न केवल प्रचारित किया, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से उसका समर्थन भी किया। अक्सर विपक्षी दल देशविरोधी नैरेटिव को बढ़ावा देने में जुट जाते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि राजनीतिक असहमति लोकतंत्र का अंग हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता पर आघात के समय एकजुटता ही राष्ट्रवाद की पहचान होती है। यह वही देशविरोधी मानसिकता है जो विदेशी मंचों पर देश की छवि को चोट पहुंचाती है और राजनीतिक स्वार्थों एवं मतभेदों को राष्ट्रीय स्वाभिमान से ऊपर रखती है। भारत की अर्थव्यवस्था को जिस तरह ट्रंप ने 'मृतप्राय' कहा, वह न केवल मौजूदा आर्थिक तथ्यों की अवहेलना है, बल्कि भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव को दबाने का एक रणनीतिक षडयंत्र भी है। आईएमएफ, विश्व बैंक और ओईसीडी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं भी लगातार यह संकेत देती रही हैं कि भारत विश्व की सबसे तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों के चलते भारत की अर्थव्यवस्था ने कोरोना महामारी के बाद जिस गति से पुनरुत्थान किया है, वह अनेक विकसित देशों के लिए भी उदाहरण है। सच्चाई यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था न तो मृत है, न ही दिशाहीन। हां, चुनौतियां हैं, बेरोजगारी, महंगाई, आय असमानता, लेकिन इनसे जूझते हुए भारत आत्मनिर्भरता और नवाचार की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रहा है। वैश्विक मंचों पर भारत की वाणी अब कमजोर नहीं, बल्कि दृढ़ता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण है। ऐसे समय में जब अमेरिका जैसे देश एकतरफा फैसलों से वैश्विक व्यापार संतुलन को तोड़ने पर आमादा हैं, तब भारत को अपनी आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के मंत्र को एक संकल्प बनाकर व्यवहार में लाना होगा। अमेरिका हो या चीन, आर्थिक नीतियों में नैतिकता नहीं, स्वार्थ ही केंद्र में रहता है। इसीलिए भारत को अब यह समझना होगा कि केवल आयात पर निर्भर रहकर हम अपनी आर्थिक सुरक्षा नहीं कर सकते। जब तक हम उत्पादन, निर्माण और उपभोग के क्षेत्र में स्वदेशी विकल्प नहीं अपनाते, तब तक हम इस टैरिफ आतंकवाद और वैश्विक अस्थिरता के शिकार बने रहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और स्वदेशी जागरण मंच वर्षों से यह बात दोहराते रहे हैं कि भारत की आर्थिक समृद्धि का मूल मंत्र 'स्वदेशी' है। यह विचार केवल देसी वस्तुओं के प्रयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका तात्पर्य है, स्वदेशी संसाधनों, तकनीकों, कौशल और संस्कृति के आधार पर विकास का रास्ता तय करना। भारत का आर्थिक इतिहास इसका साक्षी है कि जब-जब देश ने अपनी आंतरिक क्षमताओं पर विश्वास किया, तब-तब उसने वैश्विक मंच पर अपना प्रभुत्व सिद्ध किया। चाहे दूध उत्पादन में श्वेत क्रांति हो, अंतरिक्ष में इसरो की सफलताएं हों या कोविड काल में स्वदेशी वैक्सीन बनाना, भारत ने दिखाया है कि वह किसी से कम नहीं। स्वदेशी का मंत्र सिर्फ 'यहां बनाएं' तक सीमित नहीं है, यह 'यहां के लोगों द्वारा, यहां की सोच के साथ' बनाया गया भारत है। प्रधानमंत्री मोदी का 'मेक इन इंडिया' अभियान अब 'मेड बाय इंडिया' की दिशा में अग्रसर हो रहा है। भारत को ऐसी आर्थिक संरचना बनानी होगी जिसमें विदेशी पूंजी या तकनीक की बजाय स्वदेशी नवाचार, स्वदेशी उद्योग, और स्वदेशी उद्यमिता को बल मिले। इस संदर्भ में सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि जो नीतियां बनें, वे स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने वाली हों, न कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लॉबी के दबाव में चलने वाली। आज का समय वैसा ही है जैसा 1905 में बंग-भंग आंदोलन के समय था, जब बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे क्रांतिकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। आज फिर एक नई क्रांति की जरूरत है, लेकिन यह क्रांति फैक्ट्रियों में, बाजारों में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर लड़ी जाएगी। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे स्टार्टअप, इनोवेशन और तकनीकी प्रयोगों में विदेशी नकल न करें, बल्कि भारतीय ज़रूरतों और मूल्यों के अनुरूप नए समाधान विकसित करें। यही आत्मनिर्भर भारत की आत्मा है। हर भारतीय को यह समझना होगा कि जब वह विदेशी मोबाइल, ब्रांडेड कपड़े, या चीनी उत्पाद खरीदता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद नहीं ले रहा, बल्कि वह अपने देश के एक कारीगर, किसान या उद्यमी से रोज़ी-रोटी छीन रहा है। अब समय है कि उपभोक्ता भी जिम्मेदार बने। स्वदेशी उपभोग सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि देशभक्ति का आधुनिक रूप है। आज जब वैश्विक पूंजीवाद लड़खड़ा रहा है और पश्चिमी देशों की नीतियों में आत्मकेंद्रितता हावी हो रही है, भारत को अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक और बौद्धिक जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यही समय है जब 'स्वदेशी' एक आंदोलन बने, एक जनक्रांति बने और एक ऐसी नई अर्थव्यवस्था की नींव डाले जो टिकाऊ, समावेशी और पूर्णतः आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री मोदी ने जो स्वदेशी का दीप जलाया है, वह केवल सरकार का काम नहीं, यह हम सभी का नैतिक, राष्ट्रीय और आत्मिक दायित्व है। तभी हम न केवल ट्रंप जैसी टैरिफ दादागिरी का जवाब दे पाएंगे, बल्कि एक सशक्त, सम्मानित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे, अपने स्वेद, अपने स्वप्न और अपने स्वदेश के बल पर। वर्तमान परिप्रेक्ष्यों में यह आवश्यक हो गया है कि देश की आलोचना के नाम पर विदेशी अपमान का समर्थन करने की प्रवृत्ति का जनतांत्रिक रूप से विरोध हो। लोकतंत्र की सच्ची परिपक्वता यही है कि सरकार की आलोचना करते हुए भी हम राष्ट्र की प्रतिष्ठा और आत्मगौरव की रक्षा करें। जब तक भारत के भीतर से ही भारत की आवाज़ कमजोर की जाएगी, तब तक ट्रंप जैसे बाहरी 'टैरिफ तानाशाहों' को हमारे आत्मबल पर वार करने का साहस मिलता रहेगा। यदि हमारी अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर होगी तो फिर कोई वैश्विक नेता दबाव बनाकर हमारी विदेश व आर्थिक नीतियों को प्रभावित न कर सकेगा। विडंबना यह है कि चीन के लगातार शत्रुतापूर्ण व्यवहार व सीमा पर तनाव के बावजूद चीनी उत्पादों का आयात बढ़ता ही जा रहा है। यहां तक कि हमारे त्योहारों का सामान भी चीन से बनकर आ रहा है। जरूरत इस बात की भी है कि हम अपने विशाल असंगठित क्षेत्र को संगठित क्षेत्र में शामिल करने के लिये प्रयास करें। हम याद रखें कि चीन ने अपने देश में लघु उद्योगों को संगठित करके ही दुनिया में उत्पादन के क्षेत्र में बादशाहत हासिल की है। विश्व में सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को अपनी युवा आबादी की क्षमता का उपयोग करने के लिये इस दिशा में बड़ी पहल करनी होगी। हमारा शिक्षा का ढांचा इस तरह तैयार हो कि हम कौशल विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएं। जिससे हम कालांतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीक का उपयोग उत्पादन बढ़ाने के लिये कर सकें। तब स्वदेशी के संकल्प से भारत न केवल आत्मनिर्भर होगा, बल्कि हम गुणवत्तापूर्ण निर्यात के जरिये अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को भी समृद्ध कर सकेंगे।

# सीडीओ द्वारा ब्लॉक के औचक निरीक्षण से मचा हड़कंप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सफीपुर-उन्नाव। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) द्वारा ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया गया, जिससे वहां हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान, कई कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए, जिससे अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई गई और कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

सोमवार को सफीपुर विकास खंड कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज के हुए औचक निरीक्षण से हड़कंप मच गया।सी डी ओ ने खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी से सबसे पहले कर्मचारियों का उपस्थित रजिस्टर मंगा अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का



अल्टीमेटम देते हुए विकास कार्यों का ब्यौरा मांगा।निरीक्षण के दौरान फैमिली आईडी बनाने की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की और संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई।

मुख्य विकास अधिकारी ने पत्रावलियों की जांच के बाद बी डी ओ के साथ क्षेत्र का दौरा किया।सबसे पहले सी डी ओ ग्राम पंचायत मवई भान में बाल पुष्टाहार विभाग द्वारा अनंत देव प्रेरणा महिला लघु उद्योग द्वारा संचालित किए जा रहे हॉट मिक्स प्लांट पहुंच बारीकी से निरीक्षण किया जहां अव्यवस्थाओं का अंबार देख

## ● अधिकारियों को दिए दिशा के निर्देश

मिक्स प्लांट की देख रेख कर रहे अंकित गौड़ को फटकार लगाते हुए साफ सफाई के साथ खाद्य पदार्थों में गुणवत्ता में सुधार करने के निर्देश दिए हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने दलिया,पंजीरी निर्माण में लगने वाले गेहूं,चने की दाल,सोयाबीन तेल,चीनी आदि राशन सामग्री की गहनता से जांच पड़ताल की।इस दौरान गेहूं की बोरियों में घुन दिखने से सी डी ओ ने नाराजगी जाहिर की.वहीं सी डी ओ ने मील के कार्यालय में ताला लगा होने से उसे खुलवाने के लिए कहा तो मील का कार्यभार देख रहे अंकित गौड़ ने चाबी न होने का बहाना बनाया जिसपर सीडीओ ने फटकार लगाते हुए कार्यालय का ताला तोड़वा कर कार्यालय का निरीक्षण किया परन्तु वहां भी उपस्थिति रजिस्टर न मिलने से बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी को समय समय पर मील का निरीक्षण करने एवं लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।उसके बाद सी डी ओ ने ग्राम पंचायत मखदूम नगर और लहबरपुर पहुंच गौशालाओं का निरीक्षण किया।लहबरपुर गांव में क्षेत्र पंचायत से निर्मित लगभग 150 मीटर इंटर लॉकिंग मार्ग क्षति ग्रस्त होने से सी डी ओ का पारा चढ़ गया और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मार्ग की मरम्मत करने के निर्देश दिए।सी डी ओ ने साफ किया कि विकास कार्यों में किसी भी सूरत में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# राज्यपाल के निर्देशन में साइकिल रैली का किया गया आयोजन

## ● ''एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प से बच्चों को मेडिकल किट की वितरित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



परियर-उन्नाव। राज्यपाल उत्तर प्रदेश महामहिम आनंदीबेन पटेल के प्रेरणादायक मार्गदर्शन में राज भवन लखनऊ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान हेतु साइकिल रैली का आयोजन किया गया द्य

उक्त रैली जनपद बाराबंकी, लखनऊ, रायबरेली से होते हुए राजभवन के अधिकारी मनोज सिंह विमल सिंह एवं जमाल सिद्दीकी के नेतृत्व में 40 कर्मचारियों के साथ राज भवन लखनऊ से साइकिल द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मियागंज पधारे द्य सर्वप्रथम समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का स्वागत बीएसए संगीता सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी मनीद्र कुमार एवं अनीता शाह द्वारा फूल माला बुके एवं बैच लगाकर किया गया । तत्पश्चात राजभवन के अधिकारियों द्वारा बच्चों से वार्ता कर ''एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैप से बच्चों को मेडिकल किट वितरण किया एवं उनके द्वारा राजभवन से प्राप्त पुस्तके चुनौतियां,हमारा राज भवन, आंगनबाड़ी, टीवी मुक्त अभियान, राज भवन बैड कस्तूरबा को भेंट की ।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित ल्ह सोनू सिंह जिला गाइड कैप्टन ,राणा ऋषेन्द सिंह विशाल वर्मा, ऋषभ दीक्षित, अमित वर्मा, अजय, अचल गौड, संजीव, धर्मेंद्र, अभिषेक,एआरपी गोपाल शर्मा, अमित ,रामगोपाल ,आशीष अवस्थी, निशि सविता एवं कस्तूरबा का समस्त स्टाफ मौजूद है ।

# गंगा नदी में चल रहा अवैध जल जीवो का शिकार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

शुक्लागंज-उन्नाव । तटीय मोहल्ले के आसपास अवैध रूप से मछली पकड़ने वालो में कोई डर नहीं है। गंगा में प्रतिबन्धित मत्स्य आखेट पर सरकार ने सख़्ती से प्रतिबन्ध लगा रखा है।फिर भी गंगा में अवैध मछली शिकार पर रोक नहीं लग पा रही है जबकि इन पर - वन्य जीव अधिनियम के तहत अवैध मछली शिकार करने वालों पर कार्रवाई की जाती है।अवैध मछली शिकार में शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है और उनके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया जा सकता है। सभी घाटों के आसपास जाल लगाए देखे जा सकते है। और खुलेआम अवैध रूप से गंगा में मछली पकड़ने का काम करते है। और रात्रि में ये अवैध हथियार से लैस रहते है। इनके लिए ब्यापक अभियान



चलाकर कर कार्यवाही की जानी चाहिए जिससे जलीय जंतु एंव पर्यावरण संरक्षित किया जा सके जिसके लिए सरकार भी तमाम तरह की योजनाए चला रही है। जलीय जंतुओं के लिए पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है, जिनमें से कुछ प्रमुख योजनाएं निम्नलिखित है *नमामि गंगे कार्यक्रम* इस कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करना और जलीय जीवन को संरक्षित करना है। *अटल भूजल योजना* इस योजना का उद्देश्य भूजल संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन करना है, जिससे जलीय जंतुओं के आवासों की रक्षा की जा सके *नेशनल वेटलैंड्स कंजर्वेशन प्रोग्राम* इस कार्यक्रम के तहत देश के महत्वपूर्ण आर्द्रभूमि क्षेत्रों का संरक्षण और प्रबंधन किया जाता है।, जो जलीय जंतुओं के महत्वपूर्ण आवास हैं। *मत्स्य पालन और जलीय कृषि योजनाएं*: सरकार मत्स्य पालन और जलीय कृषि को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चला रही है। , जिनमें से कुछ योजनाएं जलीय जंतुओं के संरक्षण पर भी केंद्रित है। *पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की योजनाएं* इस मंत्रालय द्वारा जलीय जंतुओं के संरक्षण और उनके आवासों की रक्षा के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें जलीय प्रदूषण नियंत्रण और जलीय जीवन संरक्षण शामिल हैं।

# भोले के जयकारों से गूंजायमान हुआ बिसवां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

सीतापुर। सीतापुर जिले के बिसवां में शिव दरबार पत्थर शिवाला मे चौथे सोमवार को हुआ भव्य शिवभक्ति समारोह विधायक निर्मल वर्मा ने कांवरियों को कराया जलपान भोले के जयकारों से गूंजायमान हुआ बिसवां। भक्तों की अटूट आस्थाः बिसवां के पत्थर शिवाला में चौथे सोमवार को उमड़ा जनसैलाब, विधायक वर्मा ने कांवरियों को करवाया जलपान। श्रावण मास की पवित्रता और भोलेनाथ के प्रति अगाध आस्था का प्रतीक चौथा सोमवार यहाँ ऐतिहासिक पत्थर शिवाला मंदिर परिसर में भक्तों के अथाह जनसमुद्र के उमड़ने का साक्षी बना। क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल ''भोलेनाथ के दरबार'' के नाम से विख्यात इस प्राचीन शिवालय में सुबह से ही श्रद्धालुओं का ताँता लग गया, जो दिन भर बढ़ता ही रहा। कांवरियों के जयकारों, घंटों-झांझों की ध्वनि और 'हर-हर महादेव', 'बम बम भोले' के

## ● विधायक वर्मा ने कांवरियों को करवाया जलपान

उद्घोष से पूरा बिसवां क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तों के जनसैलाब से पूरी तरह भर गया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पैदल यात्रा करके, पारंपरिक कांवर उठाकर और विभिन्न साधनों से यहाँ पहुँचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का दृश्य मन को शांति और भक्ति से सराबोर कर देने वाला था। श्रद्धालु घंटों लाइन में खड़े रहकर भी बिना थके भोले के दर्शनों को उत्सुक थे। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों सहित सभी उम्र के भक्तों की उपस्थिति ने आस्था की अद्भुत मिसाल पेश की। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री निर्मल वर्मा ने भक्तों की सेवा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहकर थके-





हारे कांवरियों और श्रद्धालुओं के लिए *जलपान* की व्यवस्था करवाई। विधायक वर्मा ने स्वयं भक्तों के बीच जाकर उन्हें पानी, शर्बत, फल और नाश्ता वितरित किया। इस सेवा कार्य ने भक्तों के मन में विशेष स्थान बनाया और उन्हें ऊर्जा प्रदान की। विधायक ने कहा कि श्रावण में भोले के भक्तों की सेवा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है और यह सामाजिक सद्भाव व धार्मिक भावनाओं के प्रति सम्मान का प्रतीक है। भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने भी कड़े इंतजाम किए थे। यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और चिकित्सा सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया ताकि किसी भक्त को कोई परेशानी न हो। मंदिर ट्रस्ट और स्थानीय स्वयंसेवकों ने भी पूरे उत्साह के साथ भक्तों के मार्गदर्शन और सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भक्तगण गोपी मिश्रा,रुपेश अवस्थी,भरत शुक्ला, गणेश शुक्ला सहित कांवरियों ने बताया कि चौथे सोमवार पर बिसवां के पत्थर शिवाला में आकर उन्हें अद्वितीय शांति और आनंद की अनुभूति हो रही है। विधायक द्वारा की गई जलपान की व्यवस्था की उन्होंने विशेष रूप से सराहना की, इसे 'सेवा भावना का अनूठा उदाहरण' बताया। स्थानीय निवासियों ने भी इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अतिथि भक्तों का स्वागत किया। श्रावण के चौथे सोमवार पर बिसवां का यह उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रदर्शन था, बल्कि सामुदायिक सद्भाव और सेवा भावना का भी जीवंत उदाहरण था। विधायक श्री निर्मल वर्मा द्वारा कांवरियों को जलपान कराने की पहल ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। भक्तों के जयकारों से गूंजता बिसवां क्षेत्र एक बार फिर सिद्ध करता है कि भारत की आध्यात्मिक जड़ें कितनी गहरी हैं और सावन का महीना भक्ति और उल्लास का कैसा अद्भुत संगम लाता है।

# विभागीय कार्यों में रुचि न लेने पर भूमि संरक्षण अधिकारी का वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि देने का डीएम ने दिया निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सोमवार को उदयन सभागार में कृषि विभाग,भूमि संरक्षण विभाग,उद्यान विभाग व कृषि एलाइड विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी इस दौरान भूमि संरक्षण विभाग की आर ए डी योजना की समीक्षा के दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में रुचि न लेने व लापरवाही करने पर वेतन रोकने व प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। खेत, तालाब योजना की समीक्षा के दौरान आबंटित 50 लक्ष्य के सापेक्ष 15 लाभार्थियों का पंजीकरण पाये जाने पर भूमि संरक्षण अधिकारी से लक्ष्य के अनुरूप किसानों का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि एग्री जंक्शन के अंतर्गत 7 भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष 41 आवेदन




ऑनलाइन प्राप्त हुए है जिस पर जिलाधिकारी ने चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उप कृषि निदेशक ने कहा कि परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत शासन द्वारा 1000 एकड़ क्षेत्र निर्धारित किया गया है जिसमें 619 कृषक लाभान्वित होंगे।

जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक से कहा कि प्रत्येक ब्लॉक से 2-2 ऐसे किसानों के फसल उत्पादन का अध्ययन कर यह आख्या उपलब्ध करायी जाय कि उन किसानों का मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनने के बाद कृषि लागत में कितनी कमी आयी व उत्पादन कितना बढ़ा तथा किसान की कितनी आमदनी बढ़ी। उन्होंने कहा कि पी.एम. कुसुम योजना के अंतर्गत पात्र लोगों का चयन अभी से कर लिया जाय जिससे शासन से बजट प्राप्त होते ही तत्काल लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि माह अक्टूबर व नवंबर तक विभागीय योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित कर क्लस्टरवार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाय। बैठक में जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट/रोग नियंत्रण योजना के अंतर्गत 3624 हेक्टेयर लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 732 हेक्टेयर भौतिक प्रगति हो चुकी है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत विगत वर्ष लाभान्वित किये गये किसानों द्वारा उत्पादित की गयी फसल का उत्पादन कितना बढ़ा व फसल उत्पादन लागत में कितनी कमी आयी इसकी आख्या उपलब्ध करायी जाय। बैठक में मत्स्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला मत्स्य अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य 20 के सापेक्ष 31 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसी प्रकार मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य 40 के सापेक्ष 25 आवेदन, निषादराज बोट सब्सिडी योजना के अंतर्गत 20 लक्ष्य के सापेक्ष 41 आवेदन, एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के अंतर्गत आवंटित लक्ष्य 02 के सापेक्ष 02 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं तथा मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के अंतर्गत 04 लक्ष्य के सापेक्ष 05 आवेदन प्राप्त हुए है। जिलाधिकारी ने कहा जनपद में बाढ़ क्षेत्र में नाविकों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है इन नाविकों को बाढ़ की समस्या समाप्त होने के बाद सम्मानित किया जाय। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के स्वास्थ्य की जांच नियमित रूप से करायी जाय। उप कृषि निदेशक से कहा कि जनपद में एफ.पी.ओ. द्वारा उत्पादित उत्पादों के मार्केटिंग पर विशेष ध्यान दिया जाय जिससे किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य समय से प्राप्त हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को तूफानी दौरा कर रहे राज्यमंत्री

बांदा। जनपद में लगातार जारी बारिश के बीच दो प्रमुख नदियों केन व यमुना का जलस्तर थमने का नाम ही नली ले रहा है। ऐसे में पैलानी, जसपुरा व चिल्ला क्षेत्र के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये है। लोग अपने-अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जीवन व्यतीत करने को मजबूर हो गये हैं। ऐसे में क्षेत्र के विधायक व प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा अपनी टीम के साथ लगाकार पीड़ितों से मिलकर उनको हर संभव मदद का भरोसा दिया जा रहा है। वहीं क्षेत्र में श्री निषाद जाकर लगातार भ्रमण कर रहे हैं। बताते चलें कि बाढ़ प्रभावित दर्जनों गांवों में पानी भर जाने से सम्पर्क मार्ग सहित स्थानीय लोगों के घर जलमग्न हो गये हैं। ऐसे में मंत्री रामकेश निषाद प्रभावित इलकों में पहुंचकर लगातार दौरा कर रहे हैं। वहीं पीड़ितों से मिलकर उनको हर संभव मदद का भरोसा भी मंत्री द्वारा दिया जा रहा है। इसके अलावा राज्यमंत्री द्वारा अपने प्रभारी जनपद हमीरपुर में भी बाढ़ प्रभावित इलाकों को लगातार दौरा करके पीड़ितों से संवाद कार्य लगातार जारी है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रदेश स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता के लिए टीम आगरा हुई रवाना

बांदा। सोमवार को बांदा रेलवे स्टेशन पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये मण्डलीय सीनियर महिला टीम आगरा में 4 से 6 अगस्त तक हो रही प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये आज संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से बाँदा टीम रवाना हुई। जिसमें बाँदा जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव कमल किशोर यादव के साथ बाँदा की खिलाड़ियो मे अल्सिफा,जिया,रचना,पूजा, अंजली, सत्यंगी, श्रेया आदि महिला खिलाड़ी होगें। इन खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन व विजई भवरूके लिये जिला कबड्डी एसोसिएशन के सलाहकार/मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना,कौशल केन्द्र अतर्रा पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट एवं अपोलो टेली क्लीनिक शाखा बांदा प्रभारी डा. रमाकान्त द्विवेदी व सह प्रभारी प्रवीण पाण्डेय, रेलवे(जीआरपी) थाना प्रभारी नुबेंद शेखर अग्निहोत्री नाम अपनी पुलिस टीम के साथ सचिव कमल किशोर जी व महिला खिलाडियों को पुष्प भेट कर मुंह मीठा कराया साथ ही टीम को अच्छा खेलने एवं प्रतियोगिता में विजई होने की हृदय शुभकामनाएं दी।

## अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों व अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना गिरवां पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि 3 अगस्त 25 की रात्रि थाना गिरवां पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि नहर पुलिया सौता स्योढा के पास एक युवक घूम रहा है जिनके पास अवैध तमंचा है । सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया तथा तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम हरिश्चन्द्र पुत्र रामसजीवन वर्मा निवासी ग्राम सौता स्योढ़ा थाना गिरवां जनपद बांदा है।

## वांछित इनामिया अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बांदा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गोवध मामलें में कई महिनों से वांछित 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी पर 7 मार्च 25 को गोवध मामलें में अभियुक्त राजबहादुर पुत्र जगदेव निवासी ग्राम कसेरुवा थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था जिसमें अभियुक्त काफी समय से फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।

# भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी की कबड्डी टीम ने सीबीएसई क्लस्टर खेलों में जीता स्वर्ण पदक

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बाँदा। भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी, बाँदा की कबड्डी टीम अंडर 14 ने सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि तीन वर्षों की कठिन मेहनत, अनुशासन और अटूट समर्पण का फल है। टीम में शामिल खिलाड़ीरू रितेश, आयुष, युवराज, स्वतंत्र, अर्नव, ऋतुराज, अंकित, आद्यंत, विकास, आदित्य, पियूष, आदर्श, अरविन्द, विष्णू, अनुज टीम को प्रशिक्षित करने वाले कोच में वेद प्रकाश, उदय कुमार ,मो0 तौफीक अहमद, मिस रितू गुप्ता, मिस ख़ुशी गुप्ता टीम अब सीबीएसई नेशनल टूर्नामेंट की तैयारी कर रही है, जहाँ वे विद्यालय और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय में इन खिलाड़ियों का कल प्रातःकालीन सभा में तालियों और



उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा, ताकि अन्य छात्र भी इससे प्रेरणा प्राप्त करें। वहीं अंकित कुशवाहा ने कहा कि झ ष्यह जीत हमारे छात्रों की लगन, कोचों के मार्गदर्शन और पूरे स्कूल परिवार के सहयोग का प्रतीक है। यह सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक सीख है कृ कि हर प्रयास, हर पसीना, एक दिन सफलता में बदलता है। आज का दिन इतिहास बनेगा और आने वाले वर्षों के लिए प्रेरणा देगा। वहीं शिव शरण कुशवाहा अध्यक्ष, बीपीएमए ने कहा यह स्वर्ण पदक केवल कबड्डी टीम की नहीं, पूरे विद्यालय परिवार की जीत है। हम चाहते हैं कि हमारे सभी छात्र खेल और शिक्षा दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करें। मेहनत और अनुशासन ही सफलता की असली चाबी हैं। वहीं शिवकन्या कुशवाहा प्रधान ट्रस्टी ने अपने संदेश में कहा कि हमारे छात्रों ने सिद्ध कर दिया है कि गांव और कस्बों के बच्चे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा रखते हैं।

## कांग्रेसियों ने बाढ़ प्रभावित इलाकों को किया दौरा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। चिल्ला व पैलानी बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में बांदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधि मण्डल के साथ दौरा किया। पूरा क्षेत्र यमुना व केन नदी की बाढ़ से प्रभावित है, प्रतिनिधि मण्डल बाढ़ पीड़ितों से रुबरु होते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली, बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि शासन व प्रशासन से अभी तक किसी भी प्रकार की सहायता नहीं मिली है, हमारे घर बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गए हैं, बाढ़ से अनाज व सभी गृहस्थी खराब व नष्ट हो गई है और हम सभी इसी वजह से बेहद परेशानी से गुजर रहे हैं, अब हमारे पास जीविकोपार्जन के लिए संसाधन नहीं बचे हैं सभी संसाधन बाढ़ में बह या नष्ट हो गए हैं, हम सभी उत्तर प्रदेश शासन व बांदा जिला प्रशासन से मांग करते हैं कि सभी बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता मिलना चाहिए ताकि हम अपना जीवन यापन करने के लिए संसाधन जोड़ सकें।

# जसपुरा क्षेत्र में बाढ़ का कहर: 132 घंटे से अंधेरे में डूबे 23 गांव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जसपुरा (बांदा)। ब्लाक जसपुरा के अंतर्गत आने वाले 23 मजरे पिछले 132 घंटों से बिजली के लिए तरस रहे हैं। नाँदादेव, शंकरपुरवा, अमारा, बरेहटा,कस्बा जसपुरा सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में बाढ़ का पानी लोगों की जिंदगी में अंधेरा ले आया है। घरों में बिजली नहीं, राहत सामग्री नहीं और जमीनी मदद का नामोनिशान नहीं है।

बाढ़ का पानी बना जहरीले कीड़ों का रास्ता ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ का पानी घरों में घुसने के साथ ही जहरीले कीड़ों, सांपों और बिच्छुओं का खतरा भी बढ़ा है। कई लोग रातें जागकर काट रहे हैं, बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाँदादेव गांव के ग्राम प्रधान रोहित निषाद व सुरेश निषाद ने बताया कि बाढ़ से गांव के तीस घर डूब चुके हैं, जिनमें से करीब दस पूरी तरह गिर चुके हैं। इन घरों में रहने वाले राजकुमार पुत्र विजयपाल, जगनायक पुत्र समलिया, देवीदीन पुत्र शंकर, प्रताप पुत्र मुलुवा, शिरोमणी पुत्र शिवपाल, रामबहादुर पुत्र चन्ना, बनवारी पुत्र सीताराम प्रजापति, खिलावन प्रजापति, कामता पुत्र जगदेव निषाद, शिवबरन पुत्र गज्जा वर्मा, रामप्यारी पत्नी सुराजी, विजय पुत्र कुशवाहा, बंशीलाल पुत्र अभिलाख खेगर, ढुल्लू बाल्मीकि, रामरूप पुत्र रामौतार, पृथ्वी पाल पुत्र जयपाल, रामबालक पुत्र गजराज निषाद, लल्लू पुत्र शिवनाथ वर्मा, छोटेलाल पुत्र सुखराम, बासदेव पुत्र रामप्रसाद, इंद्रपाल पुत्र शिवराम, विजय पाल पुत्र समलिया सहित कई परिवार बेघर हो चुके हैं।

गजराज डेरा समेत कई इलाकों से पलायन, कुछ लोग दूसरों के घरों में शरण लिए बाढ़ की भयावहता के चलते नाँदादेव के कई परिवार गांव छोड़कर सुरक्षित जगहों पर चले गए हैं। कुछ पीड़ित आसपास के लोगों के घरों में शरण लिए हुए हैं।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| |
|---|
| निविदा सं. : 106-Sig-Tender-16-2025-26 |
| कार्य का नाम: [illegible] |
| अनुमानित लागत : रु. 45,84,978.18 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत : निल |
| धरोहर राशि : रु. 91,300.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि : 365 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय : 25.08.2025, 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है : [illegible] |

www.ireps.gov.in
सं.: 106-सिग-टेण्डर-16/2025-26 दिनांक 31.07.2025 2363/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत

## मूड़ा जवाहर में पदचिन्ह मिलने से हड़कंप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। दक्षिण खीरी वन प्रभाग के मोहम्मदी रेंज की आंवला बीट क्षेत्र में बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत है। अजान इमलिया, मूड़ा जवाहर, मूड़ा अस्सी घरथनिया में पिछले डेढ़ साल से बाघ की गतिविधियाँ देखी जा रही हैं। सोमवार की सुबह मूड़ा जवाहर गांव के पश्चिम में स्थित चंदेश बाजपेई के मकान के पीछे खेत के चक मार्ग पर बाघ के पगमार्क देखे जाने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों मे पीटटू लाल,सत्यम मिश्रा ,सुनील राज, मुनेश्वर दयाल,कमलेश ,फूल चन्द्र।लाल राम,संजीव मिश्रा, सतेन्द्र मिश्रा, सहित तमाम ग्रामीणों ने इसकी सूचना वनकर्मियों को दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर पगमार्क की जांच की और बाघ के होने की पुष्टि की। वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि बाघ के पदचिन्ह मिलने की सूचना मिली है, वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है और जांच करेगी।



उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने और समूह में खेतों में जाने की सलाह दी है। इलाके में बाघों की मौजूदगी से ग्रामीणों में खासी दहशत है, लेकिन वन विभाग की टीम लगातार निगरानी में लगी हुई है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और खेतों में समूह में जाएं। वन विभाग की टीम बाघ की गतिविधियों पर निगरानी रखने और आवश्यक कदम उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### थाना फूलबेहड़ पुलिस की सफलता

लखीमपुर खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गिरफ्तारी हुई। मिथुन पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम लखहाभूड़ थाना फूलबेहड़ खीरी संबंधित मु0सं0 8200/23 अ0सं0 198/23 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट तहत बाबू पुत्र सीताराम निवासी ग्राम जौहरा मजरा गुजारा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी सम्बन्धित मु0सं0 1962/23 अ0सं0 719/13 धारा 323,504,506 भादवि0 गिरफ्तारी टीम में शामिल उ0नि0 अशोक कुमार यादव, हे0का0 राजेश पाण्डेय, का0 राहुल जानीबाल और का0 अभिनव मिश्रा शामिल थे। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक खीरी ने अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही है और कहा है कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ यात्रियों की भारी भीड़

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार के अवसर पर गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा ने स्वयं मेले की कमान संभाली और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस प्रबंध कर सायंकाल से ही स्वयं उपस्थित रहकर प्रातःकाल तक लगातार भ्रमणशील रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं और कांवड़ियों के आवागमन के मार्गों और मंदिर परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की लगातार ब्रीफिंग कर आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं और कांवड़ियों से वार्ता कर उनका उत्साह बढ़ाया और सभी से धैर्य और संयम के साथ कतारबद्ध रूप से दर्शन, पूजन और जलाभिषेक करने की अपील की। इसके परिणामस्वरूप लाखों की संख्या में आए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को जलाभिषेक और दर्शन पूजन में किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हुई। गोला गोकर्णनाथ में कांवड़ यात्रा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक की कड़ी मेहनत और श्रद्धालुओं के सहयोग से यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। लाखों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक किया। पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे आगे भी इसी तरह सहयोग और धैर्य बनाए रखें और पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।



# गोला गोकर्णनाथ में चौथे सोमवार को आयोजित हुआ विशाल भंडारा



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर में चौथे सोमवार को बाबा भूतनाथ के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन छोटी काशी खड़ेश्वरी कावार्थी दल द्वारा त्रिलोक गिरि मार्ग स्थित रिया मेडिकल स्टोर के पास किया गया। भंडारे का शुभारंभ सुबह चाय के साथ हुआ, जिसके बाद पूड़ी सब्जी, हलवा, तहरी और पानी पाउच का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। प्रसाद वितरण से पहले शिव भगवान के मंदिर में भोग लगाया गया और कन्या भोज करवाया गया।

इस अवसर पर रामसिंह वर्मा, अजीत वर्मा, सुधीर गुप्ता, सत्येंद्र वर्मा, ताराचंद गुप्ता, अवनीश कश्यप और अनुराग गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे। श्रद्धालुओं ने पंक्ति में लगकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजन से क्षेत्र में भाईचारे और सौहार्द का वातावरण बना रहा।

# शेरपुर में धूमधाम से चल रही श्री रूद्रमहायज्ञ

- तृतीय दिवस पर मण्डप पूजन और श्रीराम जन्मोत्सव का मंचन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अजान खीरी। छोटीकाशी गोला के निकटवर्ती गांव शेरपुर में चल रही श्री रूद्रमहायज्ञ के तृतीय दिवस पर मण्डप पूजन और श्रीरामजन्मोत्सव का मंचन किया गया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित पवन कुमार बाजपेई और आचार्यों ने वेदी पूजन कराया और यजमानों को सपत्नीक वैदिक मंत्रोचारण कर सभी देवी-देवताओं की पूजा कराई। साथ ही सभी देवताओं का आवाहन भी कराया गया। यज्ञाचार्य पवन कुमार बाजपेई ने बताया कि आज मंगलवार को अरणी मंथन कर अग्नि प्राकट्य कराया जाएगा, जिसके बाद हवन शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य लोगों को एकत्रित कर धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की ओर प्रेरित करना है। कथाव्यास पंडित रामकिंकर शुक्ल ने श्रीरामजन्म की पावन कथा श्रवण कराई, जिसे सुनने के लिए भक्त भारी संख्या में पहुंचे। बारिश के बावजूद भी भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और सभी ने बड़े उत्साह के साथ कथा सुनी। श्रीराधा किशोरी सेवा संस्थान द्वारा रामलीला का मंचन किया गया, जिसमें श्रीरामजन्म की लीला को बहुत ही सुंदर तरीके से दिखाया गया। इस मंचन ने बूढ़े, बच्चे और महिला श्रोताओं का मन मोह लिया। संस्थान के सदस्यों ने अपनी मेहनत और लगन से इस लीला को जीवंत बना दिया। इस महायज्ञ में शेरपुर, सेमरई, सकेथू, बांसगांव सहित पड़ोसी गांवों के भक्त पहुंचे। पूरे ग्राम के सहयोग से हो रही इस यज्ञ में युवा शक्ति का विशेष योगदान है। युवाओं ने अपनी सक्रिय भागीदारी से इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।? इस अवसर पर भक्तों ने कहा कि यह महायज्ञ उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम कर रहा है और उन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की ओर प्रेरित कर रहा है।





## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय बजरंग दल ने कांवरियों पर की पुष्प वर्षा सहायता केंद्र का किया गया आयोजन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कांवरियों के लिए एक सहायता केंद्र स्थापित किया और उनका स्वागत पुष्प वर्षा से किया। जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस सहायता केंद्र का उद्देश्य सावन माह में शिव भक्त कांवरियों की सहायता करना है। कार्यकर्ताओं ने अपना कीमती समय निकालकर कांवरियों की सेवा में दिन-रात लगे रहने का संकल्प लिया है। पुष्प वर्षा कार्यक्रम में जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा, आकाश बजरंगी और अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक करोड़ की शादी का झांसा, रिश्तों में दरार, पलिया खीरी का मामला सोशल मीडिया पर वायरल

पलिया कला खीरी। एक करोड़ रुपये की शादी का झांसा देकर कथित रूप से धोखाधड़ी करने का मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आरोपों के घेरे में पलिया कला निवासी रिया वर्मा, पुत्री गिरीश चंद्र वर्मा, शान्ति स्वरूप गिरीश चंद्र ज्वेलर्स पलिया भाई शेखर वर्मा ऊर्फ दीपू ओर शोरभ वर्मा दो भाई है रिया वर्मा के इस । मामले ने तूल तब पकड़ा जब इस विवाद के चलते गिरीश चंद्र वर्मा के बड़े भाई सतीश चंद्र वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा और जितेंद्र वर्मा ने संधि विच्छेद (पारिवारिक संबंध विच्छेद) की घोषणा की। परिजनों का कहना है कि वे गलत का साथ नहीं दे सकते और सत्य के पक्ष में खड़े हैं। सोमवार को पलिया कोर्ट परिसर में इन भाइयों ने गिरीश चंद्र वर्मा से आधिकारिक रूप से रिश्तों का त्याग कर लिया। मामले में हरेंद्र सिंह चौधरी नामक व्यक्ति का भी जिक्र हो रहा है, जो पिछले एक वर्ष से रिया वर्मा के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था। बताया गया कि रिया पहले भी अपने पूर्व पति को धोखा दे चुकी है। जब हरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि ''या तो अपने पति की सगी बनो या मेरी'', तब से वह न्याय के लिए लखनऊ, लखीमपुर खीरी, इलाहाबाद हाईकोर्ट तक भटक रहा है। परिजनों का कहना है कि ऐसे फ्रॉड के मामलों में कई बार पूरे परिवार को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। वर्तमान में पूरा मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इंसाफ की मांग कर रहे हैं।

### 6-7 अगस्त को महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनपद भ्रमण, जनसुनवाई व नारी चौपाल में लेंगी हिस्सा

लखीमपुर खीरी। जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुजीता कुमारी 6 व 7 अगस्त को जनपद दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक, नारी चौपाल और विभागीय योजनाओं से संबंधित जागरूकता शिविरों का आयोजन करेंगी। डीपीओ लवकुश भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम के तहत 06 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कलेक्ट्रेट परिसर में महिला जनसुनवाई होगी, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसी दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक ब्लॉक मितौली में नारी चौपाल का आयोजन होगा। 07 अगस्त को गोबरौला चन्दनचौकी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक नारी चौपाल एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा।

### पांच दिन बाद भी नहीं मिला युवक का शव

जसपुरा/बांदा। थाना क्षेत्र के जसपुरा कस्बें में बीती गुरुवार की दोपहर को राधे बाल्मीकि पुत्र दुर्जन उम्र 30 साल अपने घर से कुछ दूरी पर आए बाढ़ को देखने के लिए गया हुआ था वहीं पर अचानक से नदी का पानी आ गया और वह डूबने लगा,पास में खड़े ग्रामीणों ने देखा तो उसको बचाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग उसको बचा नहीं सके।उन्हीं ग्रामीणों ने युवक के परिजनों एवं स्थानीय पुलिस को जानकारी देते हुए तहसील प्रशासन को अवगत करवाया।वहीं मौके पर कस्बें के कुछ युवकों ने पहुंचकर एक साथ कई कई लोगों का ग्रुप बनाकर उसको बढ़े हुए नदी के पानी में खोजने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए।वहीं मौके पर जसपुरा थाना प्रभारी अनिल कुमार अपने सहयोगियों के साथ में पहुंचे।तहसील प्रशासन ने तुरंत ही रेस्क्यू टीम को बुलवाया लेकिन टीम लगभग 5 घंटे बाद आई तब तक शाम हो चुकी थीं।वही शुक्रवार की दोपहर तक रेस्क्यू टीम एवं स्थानीय प्रशासन के न पहुंचने पर कस्बें के पुराने बस स्टैंड के पास में जाम लगा दिया।लेकिन जाम के दौरान पुलिस,तहसील प्रशासन सहित उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने भी आश्वासन दिया था कि टीम आयेगी और खोजेगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।सोमवार को युवक के परिजनों ने बताया कि राज्यमंत्री,प्रशासन तथा सपा के राष्ट्रीय महासचिव के आश्वासन के बाद भी नदी में ढूंढने के लिए पांच दिन में केवल एक दिन ही रेस्क्यू टीम आई है।वे लोग,ग्रामीण तथा स्थानीय पुलिस ही खोज रही हैं।

### बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आई अपना दल एस पार्टी

बबेरू/बांदा। बबेरू तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव इस समय बाढ़ की त्रासदी को झेल रहे हैं।बाढ़ से पीड़ित लोगों को प्रशासनिक मदद नाम मात्र की मिल रही हैं।आलम यह है कि बाढ़ प्रभावित लोग इस समय कोई काम न कर पाने की वजह से भूखों मर रहे हैं,वही बाढ़ प्रभावित लोगों की आवाज आज अपना दल एस पार्टी के पदाधिकारी बने हुए हैं।तहसील क्षेत्र के औगासी में बीती दिनों बाढ़ का पानी घरों में घुसने का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह सरकारी मदद की मांग कर रहे थे ।जिस पर अपना दल एस पार्टी के लोग प्रशासन से मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों के लोगों की मदद करने की मांग किया है।इसको देखते हुए सोमवार को अपना दल एस पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णेन्द्र पटेल ने अपनी टीम के साथ व शिवकृष्ण मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल बांदा के प्रबंधक अरुणेश सिंह के विशेष सहयोग से बबेरू तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गांव औगासी में राहत व खाद्य सामग्री सैकड़ों लोगों को वितरण की , इस मौके पर कृष्णेन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष, अरुण कुमार पटेल जिलाध्यक्ष आई टी मंच , अजय सिंह पटेल जिलामहासचिव, अनिल राजपूत जिला उपाध्यक्ष, सत्यपाल सिंह निषाद जिलामहासचिव, रामनरेश सिंह पटेल पूर्व जिलाध्यक्ष, लाखन सिंह जिलाध्यक्ष फतेहपुर, गोवर्धन सिंह विधानसभा प्रभारी बबेरू, रावेंद्र पटेल कोर्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# शिव भक्तों पर पालिकाध्यक्ष के साथ सामाजिक संगठनों ने अशोक चौराहे पर की पुष्प वर्षा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। पवित्र सावन माह के चौथे सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की अगुवाई में देवाधिदेव महादेव भोले बाबा शिव शंकर की उपासना एवं जिलाभिषेक करने छोटी काशी करने आए कांवरिया पर अशोक चौराहे पर वर्षा कर का स्वागत गोला में किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति ,रोट्रेक्ट क्लब छोटी काशी गोला ,गोला टूरिज्म और कोचिंग भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल थे। स्वागतोउपरांत नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पवित्र सावन माह के प्रत्येक सोमवार को नगर के सामाजिक, व्यापारी, शैक्षिणिक संगठनों ने पुष्प वर्षा की इसके लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।





पुष्प वर्षा में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के महामंत्री शैलेन्द्र सक्सेना, कोषाध्यक्ष अनुज खरे,संजय शुक्ला, राम नरेश वर्मा, रोट्रेक्ट क्लब छोटी काशी के एड0 सुमित शाह ,विपिन गुप्ता, आशीष गुप्ता, मोहित कश्यप, पवन गुप्ता, गोला टूरिज्म के विनायक श्रीवास्तव,भाजपा कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, महामंत्री राजेश राठौर, मंत्री धीरज बाजपेयी, कोषाध्यक्ष विमलेश वर्मा,राम कुमार भदौरिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रधान की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर लगाई गुहार

बांदा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चिल्ली की सुनीता पत्नी अशोक कुमार प्रजापति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि पीड़िता के पति वर्तमान ग्राम प्रधान है। पीडिता के पति दिनांक 26.जून को गौशाला व हरिजन बस्ती के जल निकासी हेतु पाइप डलवाकर सरकारी कार्य करवा रहे थे। तभी गांव के कुछ दबंग लोग मौके पर पहुंचकर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर जेसीबी में ईंटा फेंककर मारने लगे और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने लगे पीड़िता के पति के द्वारा घटना का वीडियो बनाने पर दौड़कर पकड़ लिया और मारपीट करने लगे तथा पीड़िता के पति के गले में पड़ी साफी का फंदा डालकर जान से मारने का प्रयास करके पीडिता के पति का मोबाइल व पीड़िता पति के ऊपर की जेब में पड़े 2000 रुपए छीनकर पीडिता के पति हाथ मरोड़ दिया जिससे पीड़िता के पति के हाथ में गम्भीर चोंटे आ गई और फैक्चर हो गया।

# तीज का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने मनाया



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

पलिया कला खीरी। नगर क्षेत्र के संपूर्णानगर रोड स्थित सिंह पैलेस में आज तीज का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ महिलाओं ने मनाया।इस अवसर पर सावन माह के मौसम का जहाँ महिलाओं ने लुत्फ उठाया वहीं पूरे पैलेस में सावन का परंपरागत झूलो ने भी महिलाओं को आकर्षित किया और महिलाओं ने जमकर झूले की पेंगो का आनंद लिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार स्टालों पर लगे फ़ास्ट फ़ूड एवं अनेक प्रकार के व्यंजनों के आंनद के साथ अनेक विधाओं के नृत्य से भी वातावरण को सावनमयी कर दिया।उक्त कायर्क्रम में टी एस के मेमोरियल ट्रस्ट का बड़ा योगदान रहा।कायर्क्रम को आयोजित करने में निबुआ बोझ प्रधान प्रभजोत कौर पत्नी संदीप सिंह,कुलवंत कौर पत्नी अमरजीत सिंह अध्यक्ष टी एस के मेमोरियल ट्रस्ट,हरजोत कौर पत्नी गुरप्रीत नन्नर अमनजोत कौर मरौचा श्वेता सिंह पत्नी पिंटू चौधरी पूनम चड्ढा हरप्रीत कौर बलजीत कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

# मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने गोला गोकर्णनाथ में की पूजा-अर्चना



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि के पति समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी ने छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में भगवान शिव के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने आने वाले सभी कांवड़ियों के ऊपर पुष्प वर्षा भी की। समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी ने शिव सेवा कमेटी द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में सहभाग लिया और कमेटी के सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि शिव सेवा कमेटी का यह आयोजन अत्यंत प्रशंसनीय है और इससे कांवड़ियों को काफी लाभ होगा।

शिव सेवा कमेटी ने समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री लक्ष्मण गुप्ता, गोविंद कुशवाहा, अशोक पांडे, गुरमीत कौर, रागनी, फरहान खान, राजन जी, संतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे। भवानी शंकर महेश्वरी ने भूतनाथ मंदिर के भी दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद की कामना की।

समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी ने शिव सेवा कमेटी के आयोजन की सराहना की और कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक बड़ा उपहार है। उन्होंने कमेटी के सदस्यों को बधाई दी और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष पति प्रतिनिधि भवानी शंकर महेश्वरी महेश्वरी ने कहा कि भगवान शिव की कृपा और आशीर्वाद से ही क्षेत्र का विकास हो सकता है।

# भूतनाथ मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रशासन की चुनौती

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। सावन के चौथे सोमवार को भूतनाथ मेले के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ी। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं ने मेले में खरीदारी की और भूतनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए तैयारियां की थीं, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण व्यवस्थाएं थोड़ी कम पड़ गईं। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी थीं, जिनमें खिलौने, ढोलक, वाद्ययंत्र, स्टूल, चारपाई आदि की खरीदारी की गई। श्रद्धालुओं ने भूतनाथ मंदिर में जल और प्रसाद चढ़ाया और मनोकामना की गांठ लगाई। इसके अलावा, श्रद्धालुओं ने कुएं में गिटकियां फेंककर अपनी मनोकामना पूरी करने की कामना की। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने मेले के दौरान विभिन्न व्यवस्थाएं की थीं। एडीएम खीरी नरेन्द्र बहादुर, एसडीएम गोला युगांतर त्रिपाठी, सीओ गोला शिवम कुमार, तहसीलदार गोला भीमचंद, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह आदि प्रशासनिक लोग लगातार नगर व हर प्रमुख मार्ग एवं मंदिर प्रांगण का जायजा कर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। वहीं, सीओ गोला शिवम कुमार, गोला कोतवाल अम्बर सिंह एवं दल-बल के साथ गोला नगर के शिव मंदिर, भूतनाथ मंदिर एवं प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देशित कर रहे थे। कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक इस रविवार से सोमवार दोपहर तक करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सोमवार सुबह 6 बजे से हो रही बारिश के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखी गई, लेकिन इसके बावजूद भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मेले में उमड़ी रही।





मेले के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन किया। फर्रुखाबाद से कांवर लेकर आने वाले दम्पत्ति नगर में चर्चा का विषय बने। पति द्वारा लोहे की नुकीली कीलों पर दण्डवत प्रणाम करते हुए वह मंदिर की ओर बढ़ रहे थे। दण्डवत परिक्रमा करने वाले युवक की पत्नी ओम नमः शिवाय का लगातार जप कर रही थी तो वहीं एक साथी नुकीली कीलों का पटरा खींच रहा था। कुल मिलाकर, भूतनाथ मेला एक बड़ा और महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और प्रशासन को सुरक्षा और सुविधा के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।

# सिराज का पंजा, भारत ने दो-दो से बराबर की सीरीज

एजेंसी

लंदन। मोहम्मद सिराज (पांच विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को पहले सत्र में इंग्लैंड को दूसरी पारी में 367 रन पर समेट कर मुकाबला छह रनों से जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में दो-दो की बराबरी कर ली।

इंग्लैंड ने कल के छह विकेट पर 339 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में 78 ओवर की तीसरी गेंद पर मोहम्मद सिराज ने ध्रुव जुरेल के हाथों जेमी स्मिथ (दो) को कैच आउट कराकर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सिराज ने जेमी ओवर्टन (नौ) को पगबाधा आउटकर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया। इसके बाद प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्लॉक होल में गेंद डालकर जॉश टंग (शून्य) को बोल्ड कर भारत को नौंवी सफलता दिलाई। 86वें ओवर की पहली गेंद पर 85.1 मोहम्मद सिराज ने ऐटकिंसन का ऑफ स्टंप उखाड़ कर मैच भारत की झोली में डाल दिया। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड को 367 के स्कोर पर ऑलआउटकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली है।




भारत की ओर से मोहम्मद सिराज ने 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट लिये। 27 ओवर में 126 रन देकर चार विकेट झटके। आकाश दीप ने एक बल्लेबाज को आउट किया। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाये थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रनों की मामूली बढ़ हासिल की थी। भारत ने दूसरी पारी में 396 का स्कोर खड़ा कर इंग्लैंड को 373 रनों का लक्ष्य दिया था।

### हमेशा यकीन था कि किसी भी स्थिति से मैच जिता सकता हूं : सिराज

**लंदन।** इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक पांचवें टेस्ट में भारत की जीत के शिल्पकार रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि उन्हें हमेशा से यकीन था कि वह किसी भी स्थिति से टीम को जीत दिला सकते हैं और उन्होंने यही किया। इंग्लैंड को आखिरी दिन मैच और श्रृंखला जीतने के लिये 35 रन और भारत को चार विकेट की जरूरत थी। इस मैच से पहले श्रृंखला में 2-1 से आगे इंग्लैंड ने जीत के लिए ओवल मैदान पर रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए रविवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक छह विकेट पर 339 रन बना लिये थे। सिराज ने आखिरी चार में से तीन विकेट चटकाकर भारत को छह रन से अविस्मरणीय जीत दिलाई। उन्होंने दूसरी पारी में 30.1 ओवर में 104 रन देकर पांच विकेट चटकाये। उन्होंने मैच के बाद कहा ,''मुझे हमेशा से यकीन था कि किसी भी स्थिति से जीत दिला सकता हूं और सुबह यही किया। हैदराबाद के इस तेज गेंदबाज ने कहा ,'' मेरी एक ही रणनीति थी कि सही जगह पर गेंद डालनी है । इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि विकेट मिलते हैं या रन जाते हैं। चौथे दिन रविवार को शतक जमाने वाले हैरी ब्रूक का कैच छोड़ने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा ,''जब मैने गेंद लपकी तो लगा नहीं था कि सीमारेखा को छू लूंगा । यह मैच पलटने वाला पल था । ब्रूक टी20 अंदाज में बल्लेबाजी कर रहा था । हम मैच में पीछे थे लेकिन अल्लाह का शुक्र है।

# अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अनिश्चितकाल के लिए मैदान से बाहर रहेंगे

एजेंसी

मियामी। इंटर मियामी के कप्तान और अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को दाहिने पैर में मांसपेशियों में चोट लगी है, जिसके कारण वह अनिश्चितकाल के लिए मैदान से बाहर रहेंगे।

मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) क्लब इंटर मियामी ने एक बयान में जानकारी दी कि 38 वर्षीय मेसी को यह चोट शनिवार को लीग्स कप के मुकाबले में नेकाक्सा (मेक्सिको) के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट से पहले लगी। वह मैच की शुरुआत में ही 11वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए, हालांकि वह अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम पहुंचे। बयान में कहा गया, ल्लमेसी की मांसपेशियों में तकलीफ की गंभीरता जानने के लिए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। रिपोर्ट में दाहिनी जांघ में मामूली चोट



की पुष्टि हुई है। उनकी वापसी का समय उनके इलाज और रिकवरी पर निर्भर करेगा। इसका मतलब है कि मेसी के मैदान पर लौटने को लेकर फिलहाल कोई निश्चित समय तय नहीं है। मेसी ने इस एमएलएस सीजन में 18 मैचों में 18 गोल और 9 असिस्ट किए हैं और वह लीग में संयुक्त रूप से टॉप स्कोरर हैं। मैच के अंतिम पलों में गोल कर मुकाबले को पेनल्टी शूटआउट तक ले जाने वाले जोर्डी आल्बा ने कहा, मेसी का चोटिल होकर बाहर जाना टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। पूरी टीम बेहद दुखी है। इंटर मियामी इस सीजन 22 में से 12 मैच जीत चुकी है और 42 अंकों के साथ ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में पांचवें स्थान पर है। टीम फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे है, लेकिन उसके पास 3 मैच अतिरिक्त हैं। अगर मेसी लंबे समय तक बाहर रहते हैं तो यह इंटर मियामी के लिए लीग्स कप 2025 में बड़ा नुकसान हो सकता है, खासकर जब टीम 2023 में उनके आने के तुरंत बाद यह खिताब जीत चुकी है।

# टोरंटो मास्टर्स: बेन शेल्टन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, डी मिनौर से होगा सामना

एजेंसी

टोरंटो। अमेरिका के चौथे वरीय खिलाड़ी बेन शेल्टन ने इटली के 13वें वरीय फ्लावियो कोबोली को हराकर नेशनल बैंक ओपन (टोरंटो मास्टर्स) के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में शेल्टन ने 6-4, 4-6, 7-6 (1) से रोमांचक जीत दर्ज की। 22 वर्षीय शेल्टन तीसरे सेट में 2-4 से पिछड़ रहे थे, लेकिन वहां से शानदार वापसी करते हुए उन्होंने मुकाबला टाईब्रेक तक ले जाकर जीत हासिल की। यह उनकी करियर की 100वीं जीत रही, जिसे उन्होंने 169 मुकाबलों में हासिल किया है। मैच के बाद शेल्टन ने कहा, ''बहुत मुश्किल मुकाबला था। मैं तीसरे सेट में एक ब्रेक से पीछे था और जिस तरह वह खेल रहा था, उससे मैं काफी दबाव में था। लेकिन मैंने खुद को एक और मौका दिया और उसका फायदा उठाया। अब क्वार्टरफाइनल में शेल्टन का सामना ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने अमेरिका के सातवें वरीय फ्रांसेस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। शेल्टन के नाम दो एटीपी टूर खिताब हैं ऽ एक 2023 में टोक्यो के हार्ड कोर्ट पर और एक 2022 में ह्यूस्टन के क्ले कोर्ट पर। उन्होंने कहा, ''मैं अपने दो सबसे बड़े हथियार सर्व और फोरहैंड से जूझ रहा था, लेकिन आखिरी में मानसिक मजबूती और फाइटिंग स्पिरिट ने काम किया। इस बीच, रूस के छठे वरीय आंद्रेई रूब्लेव को स्पेन के अलेजांद्रो डेविडोविच फोकीना के रिटायर होने से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश मिला। रूब्लेव 6-7 (3), 7-6 (2), 3-0 की बढ़त पर थे जब फोकीना थकान के कारण मैच से हट गए। अब रूब्लेव का सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज़ और चेक गणराज्य के जिरी लेहेचका के बीच विजेता खिलाड़ी से होगा।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जीती प्रीमियर लीग समर सीरीज

एजेंसी

वाशिंगटन। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रविवार रात एवर्टन के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला और प्रीमियर लीग समर सीरीज 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस ड्रॉ के साथ यूनाइटेड ने अमेरिका में हुई राउंड-रॉबिन प्री-सीजन सीरीज में कुल सात अंक लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले टीम वेस्ट हैम को 2-1 और बॉर्नमाउथ को 4-1 से हरा चुकी थी।

मैच में 19वें मिनट में अमद डायलो को बॉक्स में गिराए जाने पर यूनाइटेड को पेनल्टी मिली, जिसे ब्रूनो फर्नांडिस ने गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। 40वें मिनट में एवर्टन के इलिमन नदियाए ने बराबरी का गोल किया। दूसरे हाफ में ब्रूनो ने एक और योगदान दिया, जब उन्होंने 69वें मिनट में मेसन माउंट को शानदार पास दिया और माउंट ने पिकफोर्ड को चकमा देकर गोल दागा। हालांकि, 75वें मिनट में अमद डायलो की बैक पास यूनाइटेड



के ही आयडन हेवन से टकराकर गोल में चली गई और मैच 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए यूनाइटेड के खिलाड़ी ब्रूनो फर्नांडिस ने कहा, ल्लस्थिति में सुधार हो रहा है। क्लब अपनी पूरी कोशिश कर रहा है। हमें प्रतिस्पर्धा की जरूरत थी ताकि हर खिलाड़ी अपनी जगह के लिए संघर्ष करे।ङ्क उन्होंने आगे कहा कि क्लब और मैनेजर लगातार सुधार की दिशा में काम कर रहे हैं और एक-दो नए खिलाड़ियों की उम्मीद अभी बाकी है। गौरतलब है कि मैनचेस्टर यूनाइटेड का पिछला सीजन बेहद खराब रहा था, जब टीम प्रीमियर लीग में 15वें स्थान पर रही थी – जो 1973-74 में हुए निर्वासन के बाद सबसे खराब प्रदर्शन था। उस सीजन में टीम ने सिर्फ 11 मैच जीते थे और 9 ड्रॉ खेले थे। फर्नांडिस ने कहा, ल्लकई लोगों को इस प्रदर्शन से दुःख हुआ है। फैंस टिकट के लिए ज़्यादा पैसे खर्च करते हैं और हमें उनकी क़द्र है। अब खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है कि वे मैदान पर प्रदर्शन से उसका जवाब दें। उन्होंने क्लब संस्कृति पर भी जोर दिया और कहा, हर छोटी बात मायने रखती है। इस क्लब की संस्कृति जीतने की रही है और हमें उसे वापस लाना होगा। समर सीरीज के एक अन्य मुकाबले में वेस्ट हैम ने बोर्नमाउथ को 2-0 से हराया। टीम के लिए निक्लास फुलक्रग और जारोड बोएन ने गोल किए। दोनों ही गोल सेनेगल के लेफ्ट-बैक एल हाजी मलिक दीयूफ की शानदार सेट-अप पास से आए, जो 15 जुलाई को ही टीम से जुड़े हैं। बोएन ने दीयूफ की तारीफ करते हुए कहा, दोनों गोल उनकी क्वालिटी के कारण संभव हुए। वह केवल कुछ हफ्तों से टीम में हैं, लेकिन लगता है जैसे सालों से खेल रहे हों। मैच के 24वें मिनट में फुलक्रग ने पहला गोल किया, जबकि 67वें मिनट में बोएन ने स्कोर दोगुना किया। बोर्नमाउथ ने शुरुआती 15 मिनट में कई मौके बनाए लेकिन गोलपोस्ट से टकरा कर चूक गए। बोएन ने अंत में कहा, शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही, लेकिन टीम का जज़्बा शानदार रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### आस्ट्रेलिया दौरे के लिये भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

नयी दिल्ली। इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे के लिये हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिये एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जायेगा। इसकी तैयारी के लिये भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नये खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे। एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा ,'' हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा। टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा ,'' हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिये चुना है। भारतीय टीम आठ अगस्त को बेंगलुरू से आस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है। टीम : गोलकीपर : कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी मिडफील्डर : राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह फॉरवर्ड : मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे।

### जो रूट ने कुमार संगकारा को पछाड़ा, टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वालों में चौथे स्थान पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** लंदन के ओवल मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच चल रहे पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट ने अपने टेस्ट करियर का 39वां शतक जड़ा। उन्होंने यह शतक 137 गेंदों में पूरा किया और इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा (38 शतक) को पीछे छोड़ते हुए चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। अब रूट से आगे सिर्फ तीन दिग्गज बल्लेबाज हैं — भारत के सचिन तेंदुलकर (51 शतक), दक्षिण अफ्रीका के जाक कैलिस (45 शतक) और ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (41 शतक)। रूट ने रविवार को अपनी पारी के दौरान एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप इतिहास में 6,000 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। जो रूट के नाम अब टेस्ट क्रिकेट में 13,500 से ज्यादा रन दर्ज हैं, और वह टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वह अब सचिन तेंदुलकर के 15,921 रनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं।

### भारतीय तीरंदाजी संघ ने तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा की

**नयी दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा। इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा ,'' हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे। हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है। विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डीलेन ने कहा ,'' इस पहल से भारतीय और विदेशी तीरंदाजों में प्रतिस्पर्धी भावना विकसित होगी और उनके प्रदर्शन में और निखार आयेगा। इससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सकेंगे।''

### पाकिस्तान ने तीसरा टी20 जीतकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की

**लॉडेरहिल (अमेरिका)।** सईम अयूब के अर्धशतक और साहिबजादा फरहान के साथ 138 रन की पहले विकेट की साझेदारी की मदद से पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 मैच में 13 रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। पाकिस्तान ने चार विकेट पर 189 रन बनाये और उसके बाद वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 176 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान का पहला विकेट 17वें ओवर में गिरा जब फरहान 53 गेंद में 74 रन बनाकर आउट हो गए। शामार जोसेफ की फुलटॉस गेंद पर लांग आफ में उन्होंने शाइ होप को कैच थमा दिया। अयूब 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर डटे रहे और 49 गेंद में 66 रन बनाये। जवाब में वेस्टइंडीज ने पहले दो ओवर में बिना किसी नुकसान के 33 रन बना लिये थे। हसन अली ने पहले ओवर में 16 और मोहम्मद नवाज ने दूसरे ओवर में 17 रन दिये। इसके बाद हारिस रऊफ ने तीसरे ओवर में सिर्फ पांच रन दिये।उन्होंने पांचवें ओवर में ज्वेल एंड्रयू (24) को हसन अली के हाथों लपकवाया। एलिक अथानाजे ने 40 गेंद में 60 रन बनाये और होप (सात) के साथ 30 रन की साझेदारी की। उनके आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की जद से मैच निकलता चला गया।

# अडानी समूह ने बीवाईडी और बीजिंग वेलियन के साथ गठजोड़ से किया इंकार

■ समूह ने बीवाईडी और वेलियन से साझेदारी की ब्लूमबर्ग रिपोर्ट को बताया भ्रामक

एजेंसी

नई दिल्ली। अडानी समूह ने सोमवार को ब्लूमबर्ग की प्रकाशित उस रिपोर्ट को भ्रामक बताया है, जिसमें यह दावा किया गया था कि समूह भारत में बैटरी निर्माण को बढ़ावा देने की रणनीतिक साझेदारी के लिए चीन की कंपनियों के साथ बातचीत कर रहा है। अडाणी समूह के प्रवक्ता ने बताया कि ब्लूमबर्ग की 4 अगस्त को प्रकाशित रिपोर्ट में समूह




और चीनी कंपनियों बीवाईडी और बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के बीच साझेदारी को लेकर दावा किया गया है। बयान के मुताबिक ये रिपोर्ट पूरी तरह से बेबुनियाद, भ्रामक और तथ्यों से परे है। अडाणी समूह भारत में बैटरी निर्माण के लिए बीवाईडी के साथ किसी भी प्रकार की साझेदारी की संभावनाएं नहीं तलाश रहा है। इसी तरह बीजिंग वेलियन न्यू एनर्जी टेक्नोलॉजी के साथ भी हमारा कोई संवाद या साझेदारी की योजना नहीं है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया था कि अडानी समूह भारत में बैटरी बनाने और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए चीनी इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज बीवाईडी कंपनी के साथ गठजोड़ की संभावना तलाश रहा है।

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती संभव

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक सोमवार से मुंबई में शुरू हो गई। एमपीसी की समीक्षा आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा बैठक में लिए फैसलों की जानकारी 6 अगस्त को देंगे। रिजर्व बैंक एक बार फिर नीतिगत ब्याज दरों यानी रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है। आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि अमेरिका के टैरिफ वॉर और ग्लोबल अनिश्चितता से सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी (ग्रोथ) पर असर पड़ सकता है। ऐसे में रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती कर सकता है, ताकि ग्रोथ को सपोर्ट मिल सके। रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर बैंक आरबीआई से कर्ज लेते हैं। आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है, जिसका फायदा वो ग्राहकों तक पहुंचाते हैं।

# निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी आठ साल के निचले स्तर पर आई: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में निजी स्वामित्व वाली सूचीबद्ध कंपनियों में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी अप्रैल-जून तिमाही में गिरकर आठ वर्षों के निचले स्तर 40.58 प्रतिशत पर आ गई। इस दौरान प्रवर्तकों ने 54,732 करोड़ रुपये मूल्य की हिस्सेदारी बेची। प्राइम डेटाबेस ग्रुप की पहल प्राइमइन्फोबेस.कॉम की तरफ से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, जून तिमाही के अंत में सूचीबद्ध निजी कंपनियों में प्रवर्तक हिस्सेदारी 40.58 प्रतिशत थी जो मार्च तिमाही के 40.81 प्रतिशत से कम है। इससे पहले इतनी कम प्रवर्तक हिस्सेदारी सितंबर, 2017 में 40.19 प्रतिशत रही थी। पिछले तीन वर्षों में इस हिस्सेदारी में गिरावट का सिलसिला लगातार जारी है। मार्च 2022 में 45.13 प्रतिशत पर रही प्रवर्तक हिस्सेदारी में अब तक 4.55 प्रतिशत की कुल गिरावट आ चुकी है। प्राइम डेटाबेस ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने कहा कि प्रवर्तकों की हिस्सेदारी बिक्री के कई कारण हो सकते हैं। बाजार की तेजी का लाभ उठाना, कर्ज चुकाने की रणनीति, पारिवारिक उत्तराधिकार की योजना, परोपकारी उद्देश्य, अन्य क्षेत्रों में निवेश, न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता (एमपीएस) मानकों को पूरा करना और व्यक्तिगत खर्चों को इसकी वजह बताया गया है। उन्होंने कहा कि हाल में आए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) कंपनियों में अपेक्षाकृत कम प्रवर्तक हिस्सेदारी और बाजार का संस्थागत स्वरूप भी इस गिरावट के कारणों में शामिल हैं। मार्च, 2025 तिमाही में प्रवर्तकों की हिस्सेदारी 40.81 प्रतिशत थी। हालांकि हल्दिया का मानना है कि जब तक प्रवर्तकों के पास अब भी पर्याप्त हिस्सेदारी बनी रहती है, बिक्री भारी छूट पर नहीं होती और कंपनी के बुनियादी कारकों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, तब तक चिंता की जरूरत नहीं है।

# मॉयल का जुलाई में मैंगनीज अयस्क उत्पादन रिकॉर्ड 1.45 लाख टन रहा

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी मॉयल ने वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई में रिकॉर्ड 1.45 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है। ये अबतक का सर्वाधिक उत्पादन है और पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि (सीपीएलवाई) के मुकाबले 12 फीसदी का इजाफा है। इस्पात मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि कहा कि सक्रिय मानसून के बाद भी मॉयल ने अप्रैल-जुलाई 2025 के दौरान मजबूत परिचालन का प्रदर्शन किया, जिससे उत्पादन सालाना आधार पर 7.8 फीसदी बढ़कर 6.47 लाख टन और बिक्री सालाना आधार पर 10.7 फीसदी बढ़कर 5.01 लाख टन हो गया है। इसके साथ ही अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग भी पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि से 11.4 फीसदी बढ़कर 43,215 मीटर हो गई है।

# सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में बड़ी गिरावट, चांदी के भाव में भी मामूली कमजोरी

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत में जबरदस्त गिरावट का रुख बना रहा। सोना आज 1,450 रुपये से 1,590 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता होकर एक बार फिर एक लाख रुपये के स्तर से नीचे आ गया है। हालांकि चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली कमजोरी ही दर्ज की गई है। कीमत में कमी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये से लेकर 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 91,450 रुपये से लेकर 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी मामूली गिरावट आने के कारण कारण ये



चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,12,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,810 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सााई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सावन मास के आखिरी सोमवार पर श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में शिवभक्तों पर पुष्पवर्षा

- स्वर्णमंडित दरबार में मंगला आरती के बाद दर्शन पूजन का अनवरत क्रम,बाबा के आंगन में आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम,अखंड जलधार
- कतारबद्ध श्रद्धालुओं से अफसर लगातार कर रहे संवाद, शिवभक्त आह्लादित भाव से बाबा का कर रहे झांकी दर्शन





राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। सावन माह के चौथे व आखिरी सोमवार को बाढ़ और बारिश के बावजूद काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में पूरे आस्था के साथ शिवभक्तों और कांवड़ियों का जन सैलाब दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ा है। बाबा के आंगन में आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम दिख रहा है। काशी विश्वनाथ धाम के स्वर्णमंडित दरबार में मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खुला तो श्रद्धालुओं की खुशी देखते ही बन रही थी। मंगला आरती के उपरांत धाम के बाहर तीनों सोमवार की भांति चौथे सोमवार को भी मैदागिन एवं गोदौलिया की तरफ पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं पर कोविलूर स्वामी के साथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, मंदिर के डिप्टी कलेक्टर, नायब तहसीलदार सहित अन्य अफसरों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद दरबार में पावन ज्योर्तिलंग पर गर्भगृह के बाहर बने विशेष पात्र से जलाभिषेक कर शिवभक्त आह्लादित भाव से बाबा का झांकी दर्शन कर रहे है। दर्शन पूजन के बाद काशी विश्वनाथ धाम के भव्य और नव्य विस्तारित स्वरूप को देख हर-हर महादेव, काशी विश्वनाथ शंभों का गगनभेदी कालजयी उद्घोष कर खुशी जताते रहे। मंदिर परिक्षेत्र में चप्पे-चप्पे की चौकसी के बीच रेड कार्पेट से चलकर शिवभक्त धाम में पहुंच रहे है। चौथे सोमवार पर परम्परानुसार शाम को मंदिर के गर्भगृह में बाबा का रूद्राक्ष श्रृंगार होगा। इसके लिए पूरे दरबार को सुगंधित फूलों,अशोक की पत्तियों से सजाया गया है। रूद्राक्ष श्रृंगार शाम के समय भोग आरती से पूर्व होगा। इसके पहले दरबार में दर्शन पूजन के लिए लाखों शिवभक्त रविवार देर रात से ही बैरिकेडिंग में कतारबद्ध होने लगे। दरबार में भोर में मंगला आरती के बाद मंदिर का पट खुला तो श्रद्धालु रेड कार्पेट पर चलकर दरबार में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते रहे। पूरे दिन,शयन आरती तक यहीं क्रम बना रहेगा। मंदिर न्यास के अनुसार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम में चिकित्सक, एम्बुलेंस और एनडीआरएफ टीम को भी तैनात किया है। पेयजल से लेकर खोया पाया केंद्र, पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया गया है। मंदिर में गर्भगृह के पहले ही श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन एलईडी स्क्रीन पर श्रद्धालु कर रहे हैं। दरबार में जाने के लिए स्टील की रेलिंग के बीच बिछे कारपेट से श्रद्धालु जिगजैग कतार में होकर दरबार में पहुंच रहे हैं। बाबा दरबार में आने वालों की कतार एक ओर गोदौलिया से बाबा दरबार तक है तो दूसरी ओर गंगा से बाबा दरबार तक लगी हुई थी। शिवमय हुई नगरी में गंगाघाट से बाबा दरबार तक आस्था एकाकार नजर आ रहा है । कंधे पर कावड़ लिए कांवरिया नंगे पाव लगातार दरबार की ओर अनवरत बढ़ रहे है। लाइन अंतिम पंक्ति में होने के बाद भी भक्तों का उत्साह कम नही है। हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए धीमे–धीमे श्रद्धालु दर्शन के लिए आगे बढ़ रहे है। श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाने के लिए पुलिस अफसर भी उनसे संवाद करते दिखे। चौथे सोमवार पर धाम और मंदिर परिक्षेत्र के बाहर भी पुलिस अफसर सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए लगातार चक्रमण कर रहे हैं। उधर, मैदागिन से गोदौलिया, सोनारपुरा चौराहे तक, गुरुबाग से रामापुरा, बेनियाबाग तिराहे तक, ब्राडवे तिराहा से सोनारपुरा होकर गोदौलिया तक, भेलूपुर से रामापुरा चौराहे तक पैदल छोड़ सभी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है।

# छात्रों को कर्तव्यनिष्ठ बनना होगा: आनंदीबेन पटेल

- छात्राएं मुश्किलों का डटकर करें सामना : राज्यपाल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सभी छात्रों को कर्तव्यनिष्ट बनना होगा। भारत सरकार खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। खेल गतिविधियां शक्ति का संचार करती हैं । खेल से शक्ति भावना का विकास होता है। कुलाधिपति पटेल ने विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी को खेल गतिविधियों में सक्रिय रूप से जोड़ना चाहिए। महिला खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कहा कि शक्तिशाली बनो शोषण का केंद्र नहीं । हर अन्याय का डटकर मुकाबला करो। हिम्मत से कार्य करो किसी ऐसी गतिविधि से न जुड़े जिससे पछतावा हो। अच्छे विचारों को साझा करें। अच्छे विचारों को आत्मसात करें। सीखने का प्रयास निरंतर करते रहना चाहिए यही जीवन है। सभी अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के साथ विचारों को साझा करें। छात्राओं से कुलाधिपति ने कहा कि एक गलती को छुपाने के लिए दूसरी और तीसरी गलती न करें। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के मल्टीपरपज कंपलेक्स (तुलसी भवन) एवं इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी (धन्वंतरी भवन) का लोकार्पण किया औरक भवन निरीक्षण के दौरान लेक्चर हॉल, लैब एव शिक्षक कक्ष सहित आवश्यक सुविधाओं को परखा। कुलाधिपति ने फार्मेसी के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा का बोध कराया । फार्मेसी भवन हाल में कीड़ा परिषद द्वारा आयोजित खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में हिस्सा लिया और अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के महिला वर्ग के सात एवं पुरुष वर्ग के सात विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच को स्मृति चिन्ह एवं धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ियों को तीस हजार रुपए एव रजत पदक प्राप्त खिलाड़ियों को पंद्रह हजार रुपए की धनराशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए खेल आवश्यक है। इससे टीम भावना एवं नेतृत्व का विकास होता है। कुलाधिपति का स्वागत गुरुकुल अयोध्या के बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन कर वैदिक मंत्रों से किया। कुलाधिपति द्वारा बटुकों को अंगवस्त्रम एवं भगवतगीता भेंट कर की गई । कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो नीलम पाठक, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. शैलेंद्र कुमार, प्रो हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने कुलाधिपति को पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

# श्रावण मास के आखिरी सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

जौनपुर। सावन मास के आखिरी सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। जलाभिषेक के लिए हजारों भक्त सुबह से ही मंदिरों में पहुंचे। इस अवसर पर एक दिन पहले रविवार को सभी शिवालयों की विशेष साफ-सफाई कराई गई थी। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम भी किए गए थे।बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु विंध्याचल, प्रयागराज और वाराणसी से जल लेने के लिए रवाना हुए। पूरा जनपद हर-हर महादेव के जयघोष से शिवमय हो गया है। नगर के पांचों शिवालय, जागेश्वरनाथ मंदिर, छोटी काशी और बाबा जी कुटिया स्थित महादेव मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ी।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित त्रिलोचन महादेव, साईनाथ महादेव, करशुलनाथ महादेव, गौरी शंकर महादेव सुजानगंज, घसीटानाथ महादेव, गोमतेश्वर महादेव केराकत, दियावा नाथ महादेव और भोला शंकर महादेव आदि शिवालयों में भी दुग्ध व जल से शिवलिंगों के अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।जिले में बहने वाली आदि गंगा गोमती के अलावा काशी और प्रयागराज से मोक्षदायिनी मां गंगा का जल लेकर हजारों कांवरिये शिवालयों में अभिषेक के लिए पहुंचे। कई श्रद्धालु काशी विश्वनाथ और देवघर (झारखंड) भी गए हैं। कई भक्त इस पवित्र मास में बाबा अमरनाथ बर्फानी, पशुपति नाथ व महाकालेश्वर समेत अन्य ज्योतिर्लिंगों की यात्रा पर भी निकले हैं। जौनपुर के प्राचीन सारनाथ महादेव मंदिर शंभु गंज में सुबह 4 बजे से ही हजारों भक्तों की भीड़ जमा हो गई।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**समूह संपादक**
डॉ. सुशीलचन्द्र त्रिवेदी 'मधुपेश'

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**सलाहकार संपादक**
डा. एम.ए.ए.खान (लखनऊ)
(आई.ए.एस. से.नि.)

**डा. ओम प्रकाश**
(आई.ए.एस. से.नि.)

स्थानीय संपादक नोएडा/एनसीआर
**समन्वय संपादक**
आशुतोष रंजन

**समन्वय संपादक/महाप्रबंधक**
अनिल तिवारी

**साहित्यक संपादक**
आर.पी. शुक्ल, आई.ए.एस(से नि.)

**आध्यात्मिक संपादक**
श्री राम महेश मिश्र

**सह संपादक**
ताहिर इकबाल
आई.ए.एस (से नि.)

**सह संपादक**
मेजर. के. किशोर

**सह संपादक**
हरीशंकर शुक्ल (पी.पी.एस. से.नि.)

**उप सम्पादक**
प्रभात वर्मा

**स्टेट क्वार्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्कमुख्यालय**
कार्यालय फोन नं. : 0522-46 43988
www.rashtriyaprastavana.com
ईमेल : noidarp@gmail.com
प्रधान कार्यालय : - एफ1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज लखनऊ,(उप्र)


# आस्था और श्रद्धा के रंग में सराबोर दिखी अयोध्या

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अयोध्या। पवित्र श्रावण मास के चौथे सोमवार यानी अंतिम सोमवार पर पूरी अयोध्या आस्था और श्रद्धा के रंग में सराबोर रही। जहां हो रही भीषण बारिश भी श्रद्धालुओं के हौसले को डिगा न सकी। रामनगरी में ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालु, शिवभक्तों का तांता लगा हुआ था, जिसका सिलसिला देरशाम तक चलता रहा। अयोध्यानगरी शिवभक्तों से पटी रही। यहां के शिवालय ब्रह्म मुहूर्त से ही खुल गए थे। शिवालयों में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर देरशाम तक जलाभिषेक और पूजन-अर्चन का कार्यक्रम चलता रहा। तब तक लाखों श्रद्धालु भोलेबाबा का अभिषेक कर चुके थे। भोलेबाबा का अभिषेक कर भक्तों ने अपना जीवन धन्य बनाया। चारों ओर हर हर महादेव, बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। सुबह से लेकर देरशाम तक यहां शिव भक्तों और कांवड़ियों का रेला रहा। जो खत्म होने का नाम नही ले रहा था। शिवभक्तों-कांवड़ियों ने शिवालयों में जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। उसके बाद पवित्र सरयू जल लेकर अन्य जिलों के शिवालयों में जलाभिषेक हेतु रवाना हो गए। सावन माह के चौथे सोमवार को लेकर अयोध्या में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। हर एक गली, नुक्कड़ चौराहों, प्रमुख मठ-मंदिरों पर पुलिस के जवान तैनात रहे। ब्रह्म मुहूर्त से ही शिवभक्तों का हुजूम पुण्य सरयू सलिला के तट पर उमड़ पड़ा था। वहां शिवभक्तों, कांवड़ियों ने सरयू सलिला में आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया। सरयू में स्नान-दान का सिलसिला ब्रह्म मुहूर्त से लेकर देरशाम तक चलता रहा। सरयू स्नान के बाद बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भगवान लवकुश द्वारा स्थापित प्राचीन नागेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। देखते ही देखते नागेश्वरनाथ मंदिर पर लाखों शिवभक्तों का तांता लग गया। ऊपर से भारी बारिश हो रही थी। फिर भी पुलिस कर्मियों ने शिवभक्तों की भारी भीड़ को नियंत्रित करते हुए शिवभक्तों, कांवड़ियों को कतारबद्ध होकर नागेश्वरनाथ पर जलाभिषेक कराया। भोलेबाबा को दूध, दही, शहद, बेलपत्र, भांग-धतूरा, पुष्प, अच्छत, मिष्ठान-फल आदि चढ़वाया।

# वीबीएसपीयू को मिली एनसीसी की सौगात, युवाओं को मिलेगा सैन्य प्रशिक्षण का अवसर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी अब राष्ट्रीय कैडेट कोर(एनसीसी) से जुड़कर एकता और अनुशासन का पाठ सीखेंगे। विश्वविद्यालय परिसर को एन.सी.सी. निदेशालय, लखनऊ (यू.पी.) के द्वारा वित्तपोषित योजना के अंतर्गत सीनियर डिवीजन श्रेणी में विद्यार्थियों हेतु एक कंपनी आवंटित की गई है। इसमें प्रतिवर्ष 160 कैडेट प्रशिक्षण पायेंगे। यह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सोमवार को विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 98 यूपी वाहिनी, एन.सी.सी., जौनपुर के स्थानापन्न कमान अधिकारी कर्नल आलोक धर्मराज सिंह द्वारा कुलपति प्रो. वंदना सिंह और कुलसचिव डॉ विनोद कुमार सिंह को आधिकारिक पत्र सौंपा।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि अध्ययन के साथ विद्यार्थी राष्ट्रीय कैडेड कोर से जुड़ते हैं तो अपने जीवन को और भी अनुशासित और व्यवस्थित बना सकते हैं । उन्होंने कहा कि बहुत सी नौकरियों में एनसीसी प्रमाणपत्र धारकों को वरीयता मिलने से परिसर के विद्यार्थी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पदों को सुशोभित करेंगे । सी सर्टिफिकेट ए ग्रेड वालों को बिना लिखित परीक्षा के इंटरव्यू द्वारा सेना में अफसर बनने का भी सुनहरा अवसर मिलता है । अग्निवीर के लिए में सीधे शारीरिक परीक्षा ही होती है । इसके साथ ही अन्य आर्म्ड फोर्सेस में भी बोनस अंक मिलते है । इस अवसर पर कर्नल आलोक धर्मराज सिंह द्वारा विश्वविद्यालय को एनसीसी आवंटन होने पर विश्वविद्यालय परिवार विशेषकर छात्रों को विशेष बधाई दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय को आवंटित कंपनी 98 यूपी वाहिनी, एन.सी.सी., जौनपुर के अंतर्गत कार्य करेगी। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के प्रथम वर्ष के स्नातक विद्यार्थी प्रवेश हेतु इसी शैक्षणिक वर्ष से पंजीकरण करा सकते है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने एन.सी.सी. के अधिकारियों का स्वागत किया एवं विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थी पूरे मनोयोग से राष्ट्रीय कैडेट कोर से जुड़ेंगे। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय में वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2025-26) में प्रवेश लेने वाले समस्त स्नातक छात्र इसमें प्रवेश हेतु पंजीकरण के लिए पात्र हैं । परिसर में पंजीकृत समस्त छात्रों के लिए 29 अगस्त, 2025 को विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में एनसीसी चयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। पंजीकरण हेतु फॉर्म दिनांक 05 अगस्त से डीएसडब्ल्यू कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राज कुमार सोनी ने किया।

# आपरेशन सिंदूर पर प्रश्न चिंह लगाने वाले खुद प्रश्न चिन्ह बन जाएंगे : महेश चंद्र श्रीवास्तव




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज। आगामी होने वाले जिला पंचायत एवं इलाहाबाद झांसी स्नातक एमएलसी का चुनाव हमारे लिए चुनौती है। इस चुनौती को हमें जीत में बदलना है और सपा, बसपा व कांग्रेस को करारा जवाब देना है। लोकसभा के अंदर जिस तरह कांग्रेस, सपा एवं तृणमूल कांग्रेस के लोग ऑपरेशन सिंदूर पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं, आने वाले समय में वह स्वयं प्रश्न चिन्ह बन जाएंगे।

यह बातें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव ने भाजपा खुल्दाबाद मंडल की संगठनात्मक बैठक में कही। सोमवार को मंडल कार्यालय में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्रों में मजबूत हुआ और आज पूरी दुनिया उनके नेतृत्व का लोहा मान रही है। यही कारण है विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ देश की जनता भारतीय सेना की अद्भुत विजय की पराक्रम पर गर्व कर रही है तो दूसरी तरफ कांग्रेस सपा और तृणमूल कांग्रेस के लोग पाकिस्तान की हार पर बेबस और लाचार दिखाई पड़ रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि आगामी जिला पंचायत एवं इलाहाबाद झांसी प्रखंड के होने वाले स्नातक एमएलसी के मिशन विजय की अभियान में जुट

- भाजपा कार्यकर्ता मिशन विजय पर जुट जाएं : संजय गुप्ता

जाएं। मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता का नाम जोड़े व फर्जी मतदाता को हटाने के लिए काम में जुट जायें। इस दौरान महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, पवन मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, गौरव गुप्ता ने मतदाता पुनर्निरीक्षण अभियान का कार्य का शुभारम्भ किया। मंडल अध्यक्ष अपूर्व चंद्रा ने जिला प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव एवं महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता को स्मृति चिन्ह देकर एंव अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अपूर्वा चंद्रा एवं संचालन महामंत्री अनिल विश्वकर्मा ने किया। जिला मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर नवीन श्रीवास्तव, मुन्ना शर्मा, धीरज कुशवाहा, गौरांग छिब्बर, नितिन चौरसिया, दिवाकर केसरवानी, पूजा जायसवाल शिल्पी केसरवानी, शुभम कुमार, अनुराग पांडे, स्वप्निल केसरवानी, पुनीत पांडे, संजय केसरवानी, सूरज कुमार, गोपाल अग्रहरि, जितेश श्रीवास्तव, सुधीर केसरवानी, अभिजीत श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद राजेश कुशवाहा, सीताराम चौरसिया, कमल वासन, मनोज पांडे आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद विश्वनाथ दास को अर्पित किया श्रद्धासुमन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अयोध्या। सुप्रसिद्ध पीठ जगतगुरु स्वामी रामानंदजी का मंदिर दर्शन भवन जानकीघाट, अयोध्याधाम के पूर्वाचार्य महंत एवं पूर्व सांसद ब्रह्मचारी विश्वनाथ दास शास्त्री महाराज को संतों ने नमन किया। अवसर श्रावण शुक्ल दशमी तिथि पर उनके 10वें पुण्यतिथि महोत्सव का रहा। जो मठ में निष्ठापूर्वक मनाई गई। संतों ने उन्हें श्रद्धा से याद किया। पुण्यतिथि महोत्सव पर मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामनगरी के विशिष्ट संतों ने मठ में स्थापति पूर्व सांसद विश्वनाथ दास शास्त्री महाराज के विग्रह पर सोमवार को श्रद्धासुमन अर्पित किया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संतों ने पूर्व सांसद के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश भी डाला। पुण्यतिथि पर काफी संख्या में साधु-संत व मंदिर से जुड़े शिष्य-अनुयायी, परिकरों ने प्रसाद ग्रहण किया। जगतगुरु स्वामी रामानंदजी का मंदिर दर्शन भवन की वर्तमान पीठाधिपति महंत डॉ. ममता शास्त्री द्वारा पधारे हुए साधु-संत और विशिष्टजनों का स्वागत-सत्कार किया गया। इस अवसर पर दर्शन भवन पीठाधीश्वर महंत डॉ. ममता शास्त्री ने कहा कि आश्रम में गुरुदेव पूर्व सांसद व महंत ब्रह्मचारी विश्वनाथ दास शास्त्री महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। यह गुरुदेव की 10वीं पुण्यतिथि रही। पुण्यतिथि महोत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रथम दिन रविवार को भक्तों द्वारा सामूहिक रूप से मंदिर में स्थापति नर्वदेश्वर भगवान शंकर का अभिषेक-पूजन किया गया। उसके बाद अपरान्ह सुंदरकांड का पाठ हुआ। फिर पाठ के समापन उपरांत सायंकाल मठ के मुख्य द्वार पर भंडारा प्रसाद वितरित किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन सोमवार को सुबह मंदिर में स्थापति सद्गुरुदेव भगवान के विग्रह का अभिषेक, विशेष पूजन एवं आरती हुआ। तदुपरांत अयोध्याधाम के प्रतिष्ठित संतों द्वारा जेवनार गायन किया गया। उसके बाद संतों ने पुण्यतिथि महोत्सव पर प्रसाद पाया। डॉ. ममता शास्त्री ने कहा कि गुरुदेव अप्रतिम प्रतिभा के धनी संत थे। वह संत और गौ सेवी रहे। उनका व्यक्तित्व बड़ा ही उदार था। सरलता तो उनमें देखते ही झलकती थी। उन्होंने सेवा को ही अपना धर्म माना और उसी को अंगीकार किया। उनके अंदर संतत्व के सारे गुण थे। रामनगरी के सभी संत-महंत महंत उनका आदरपूर्वक सम्मान करते रहे। गुरुदेव हम सबके बीच में नही हैं। लेकिन उनकी यश-कीर्ति सदैव हम लोगों के साथ रहेगी। उनके रिक्त स्थान की पूर्ति कभी नही की जा सकती है। मठ में गौ, संत, विद्यार्थी, अतिथि सेवा सुचार रूप से चल रही है। सभी उत्सव, समैया, त्योहार आदि परंपरागत रूप से मनाया जा रहा है। इस मौके पर अयोध्या विधायक के सुपुत्र अमल गुप्ता, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अशोक मिश्रा, विजय राज उर्फ चुलबुल, बालकृष्ण वैश्य समेत अन्य विशिष्टजन एवं मंदिर से जुड़े शिष्य-अनुयायी, परिकर मौजूद रहे।